




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 70 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 10 दिसम्बर 2025 डाक 11 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में संसद परिसर में एनडीए पार्लियामेंट्री पार्टी की मीटिंग के लिए पहुंचे....





**देश-विदेश**
राशन कार्ड के लिए ई-केवाईसी कराना जरूरी नहीं की तो कटेगा नाम और बंद हो जाएगा राशन





**फीचर पेज**
चेहरे के खुले रोमछिद्रों को कम करने में मदद कर सकते हैं ये प्राकृतिक टोनर




# आपका पैसा, आपका अधिकार योजना से 2000 करोड़ लौटे, पीएम ने नागरिकों से की दावा करने की अपील

**नईदिल्ली 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अक्तूबर 2025 में शुरू किए गए अभियान 'आपका पैसा, आपका अधिकार' के तहत अब तक लगभग 2,000 करोड़ रुपये लोगों को उनके हक के पैसे के रूप में लौटाए जा चुके हैं। पीएम ने इस बात पर जोर डाला कि देश के विभिन्न वित्तीय संस्थानों में सार्वजनिक धन की एक बड़ी राशि बिना दावे के पड़ी हुई है।*



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार की आपका पैसा, आपका अधिकार पहल के तहत देशभर के नागरिकों के भूले-भटके वित्तीय दावों की वापसी तेजी से जारी है। उन्होंने बताया कि अक्तूबर 2025 में शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक करीब 2,000 करोड़ रुपये सही मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह अभियान इसलिए शुरू किया गया है ताकि हर नागरिक अपने भूले हुए वित्तीय साधनों को आसानी से वापस पा सके। उन्होंने कहा कि यह एक मौका है अपने भूले हुए पैसे को नए अवसर में बदलने का। इसके साथ ही पीएम मोदी ने लोगों से अपील की कि वे आपका पैसा, आपका अधिकार अभियान में जरूर भाग लें।

पीएम ने इस बात पर जोर डाला कि देश के विभिन्न वित्तीय संस्थानों में सार्वजनिक धन की एक बड़ी राशि बिना दावे के पड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि भारतीय बैंकों के पास 78,000 करोड़ रुपये की लावारिस राशि पड़ी है, जबकि बीमा कंपनियों के पास लगभग 14,000 करोड़ रुपये की लावारिस राशि है। इसके अतिरिक्त, म्यूचुअल फंड कंपनियों के पास लगभग 3,000 करोड़ रुपये और 9,000 करोड़ रुपये के लाभांश भी लावारिस पड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन आंकड़ों ने बहुत से लोगों को चौंका दिया है। आखिरकार, ये परिसंपत्तियां अनगिनत परिवारों की कड़ी मेहनत से अर्जित बचत और निवेश का प्रतिनिधित्व करती हैं। धन वापसी की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए, सरकार और नियामक निकायों ने नागरिकों को अपने धन को ट्रैक करने और उस पर दावा करने में मदद करने के लिए समर्पित पोर्टल बनाए हैं। इनमें भारतीय रिजर्व बैंक का DGAM पोर्टल (दावा न किए गए बैंक जमा और शेष राशि के लिए), भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण का बीमा भरोसा पोर्टल (दावा न किए गए बीमा पॉलिसी की राशि के लिए), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड का MITRA पोर्टल (म्यूचुअल फंड में दावा न की गई राशि के लिए) और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय का IEPFA पोर्टल (अदा न किए गए लाभांश और दावा न किए गए शेयरों के लिए) शामिल हैं। मोदी ने बताया कि देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के 477 जिलों में सुविधा शिविरों का आयोजन किया गया है, जिसमें दूरदराज के क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि अधिकतम कवरेज और पहुंच सुनिश्चित की जा सके। सरकार, नियामक निकायों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के समन्वित प्रयासों से लगभग 2,000 करोड़ रुपये पहले ही नागरिकों को वापस लौटाये जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री ने लोगों से इस अभियान को व्यापक स्तर पर फैलाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से यह जांच करने का आग्रह किया कि क्या उनके या उनके परिवार के सदस्यों के पास कोई लावारिस जमा राशि, बीमा राशि, लाभांश या निवेश है। उन्होंने लोगों को अपने अधिकारों का दावा करने के लिए समर्पित पोर्टलों और सुविधा शिविरों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया।

## पूर्वी दिल्ली के एक स्कूल में बम की धमकी मचा हड़कंप, पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर स्थित एक निजी स्कूल में बुधवार सुबह बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के एक अधिकारी के अनुसार, धमकी भरा कॉल सुबह करीब 10.40 बजे आया, जिसमें दावा किया गया कि लवली पब्लिक स्कूल के अंदर विस्फोटक रखा गया है।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। मौके पर तुरंत कई फायर टेंडर, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और पुलिस टीमें भेजी गईं। सावधानी के तौर पर छात्रों, शिक्षकों और पूरे स्टाफ को स्कूल भवन से बाहर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। साथ ही स्कूल परिसर को पूरी तरह घेरकर जांच शुरू कर दी गई। अधिकारी ने बताया कि अब तक किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की सूचना नहीं है। फिलहाल विस्तृत जानकारी का इंतजार है।



# सोनिया गांधी ने हमेशा भारतीयों, संविधान और नियमों की अवहेलना की: कंगना रनौत



**नईदिल्ली 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने हमेशा भारतीयों, संविधान और बने हुए नियमों की अवहेलना की है। यह तब हुआ जब दिल्ली की एक अदालत ने सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर कथित धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में उनके खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग वाली आपराधिक रिवीजन याचिका पर जवाब मांगा। याचिका में दावा किया गया है कि 1983 में आधिकारिक तौर पर भारतीय नागरिकता हासिल करने से पहले 1980 की वोटर लिस्ट में उनका नाम जोड़ा गया था। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने कहा, कांग्रेस सरकार अपने भ्रष्टाचार के लिए जानी जाती है, किसी और चीज के लिए नहीं। यह कई घोटालों में शामिल रही है, आप हेराल्ड केस जैसे मामलों से वाकिफ हैं। उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, और नैतिकता के मामले में वे बार-बार फेल हुए हैं। उदाहरण के लिए, उन्होंने बिना सही डॉक्यूमेंट या नागरिकता के वोट दिया। उन्होंने आगे कहा, इतनी पुरानी राजनीतिक पार्टी से होने के बावजूद, उन्होंने हमेशा कानून तोड़ा क्योंकि उन्हें लगता है कि वे बाबू और साहब हैं। वे हमेशा संविधान का अपमान करते हैं। देश में नागरिकता लेना इतना मुश्किल नहीं है, अगर वे ऐसा कर सकते थे तो यह बहुत आसान प्रक्रिया होती। उनके पास बहुत सारे कॉन्टैक्ट्स और पावर भी थी। इसके बावजूद, उन्होंने नियम तोड़े। यह दिखाता है कि उन्होंने हमेशा भारतीयों, संविधान और नियमों, लोगों की अवहेलना की है। इसलिए, अब सरकार को एक उदाहरण पेश करना चाहिए, व्यक्ति कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, उन्हें ये चीजें नहीं करनी चाहिए।

## हाईवे पर इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान कार से टकराया प्लेन, सामने आया हादसे का वीडियो

**नईदिल्ली 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अमेरिका के फ्लोरिडा में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक छोटा प्राइवेट प्लेन का इंजन फेल होने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करने की कोशिश करने लगा। इस दौरान प्लेन ने तेज रफ्तार कार को टक्कर मार दी। इस भयावह हादसे का वीडियो कैमरे में कैद हो गया। जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ब्रेवार्ड काउंटी फायर रेस्क्यू के अनुसार, सिंगल-इंजन सेसना 152 प्लेन में दो लोग सवार थे। इंजन फेल होने के बाद पायलट हाईवे पर लैंडिंग का प्रयास कर रहा था, इसी दौरान उसकी प्लेन चलती टोयोटा कैमरी से टकरा गई। इस घटना में कार सवार 57 वर्षीय महिला ड्राइवर को मामूली चोटें आईं और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।



# तिरुपति मंदिर में 10 साल तक चढ़ाए गए सिल्क की जगह पॉलिएस्टर के दुपट्टे, लड्डू के बाद हुआ एक और घोटाला



**तिरूमला, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

आंध्र प्रदेश के तिरुमला तिरुपति देवस्थानम मंदिर में लड्डू घोटाले के बाद अब एक और बड़ा घोटाला सामने आया है। ट्रंस्ट का आरोप है कि 2015 से 2025 तक भक्तों-दानदाताओं को दिए जाने वाले पवित्र रेशमी (सिल्क) दुपट्टे असल में 100त्न पॉलिएस्टर के थे। दरअसल, लड्डू विवाद और परकमानी मामले के अलावा, प्रसिद्ध तिरुमाला मंदिर का संचालन करने वाले ट्रस्ट ने अब आरोप लगाया है कि पिछले एक दशक में रेशमी दुपट्टे बेचने वाली एक फर्म ने उन्हें करोड़ों रुपये का चूना लगाया है। नियम के अनुसार, हर दुपट्टे में शुद्ध शहतूत रेशम और रेशम होलोग्राम होना अनिवार्य था, लेकिन सप्लायर ने सस्ता पॉलिएस्टर थोपकर करीब 55 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। फर्म ने शुद्ध शहतूत रेशम के बजाय, 2015 से 2025 तक तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को 100त्न पॉलिएस्टर के दुपट्टे बेचे। TTD चेयरमैन बीआर नायडू की अध्यक्षता में बोर्ड ने पूरा मामला आंध्र प्रदेश एंटी-करप्शन ब्यूरो को सौंप दिया है। दुपट्टे की जांच के लिए गोदाम और मंदिर परिसर से सैंपल लिए। इसके बाद बेंगलुरु व धर्मवरम की सेंट्रल सिल्क बोर्ड लैब में टेस्ट कराया गया। जांच के दौरान दोनों ही रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि सारे दुपट्टे पॉलिएस्टर के हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में दुपट्टा सप्लायर नागरी की VRS एक्सपोर्ट्स को अभी-अभी 15,000 और दुपट्टों का नया ठेका भी दिया गया था। अब उस ठेके पर भी रोक लग गई है। बोर्ड ने मामले की जांच एंटी-करप्शन ब्यूरो को सौंपते हुए कथित धोखाधड़ी के पीछे के लोगों की पहचान करने को कहा है। तिरुमाला मंदिर के भीतर वीआईपी दर्शन के दौरान रंगनायकुला मंडपम में वेदासिरवाचनम के समय टीटीडी दानदाताओं और अन्य श्रद्धालुओं को रेशमी दुपट्टे भेंट किया जाता है।

## गोवा क्लब अग्निकांड में लूथरा ब्रदर्स के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी



**नई दिल्ली 10 दिसम्बर ।** गोवा के अरपोरा स्थित नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन के अग्निकांड मामले में पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। क्लब के मालिक लूथरा ब्रदर्स के खिलाफ इंटरपोल ने ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। अग्निकांड के बाद क्लब के मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा देश छोड़कर भाग गए थे। गोवा पुलिस के अधिकारियों ने जानकारी दी कि इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस घटना के सिर्फ दो दिन के अंदर जारी हुआ है। आम तौर पर, इस प्रक्रिया में एक हफ्ता या उससे ज्यादा समय लगता है, लेकिन गोवा पुलिस की कोशिशों और केंद्रीय एजेंसियों के मजबूत सपोर्ट की वजह से यह प्रक्रिया बहुत तेजी से पूरी हुई। ब्लू कॉर्नर नोटिस आरोपियों को ट्रेस करने में मदद करेगा और उन्हें उनके मौजूदा गंतव्य से किसी दूसरे देश में जाने से रोकेगा। सौरभ और गौरव लूथरा के थाईलैंड के फुकेट भागने की संभावना है। पुलिस इनपुट के मुताबिक, दोनो सुबह करीब 5.30 बजे फुकेट के लिए इंडिगो की फ्लाइट में सवार हुए, ताकि आधी रात के आसपास लगी आग के बाद गिरफ्तारी या पूछताछ से बच सकें। वहीं, इस मामले से जुड़े एक और आरोपी अजय गुप्ता को दिल्ली से हिरासत में लिया गया है।

# मैं बंगाल का ओवैसी..., बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले हुमायूं कबीर का नया ऐलान, बढ़ाई ममता की टेंशन

**नईदिल्ली 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

ममता बनर्जी के पूर्व विधायक हुमायूं कबीर ने उन्हीं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हुमायूं कबीर की नजर मुस्लिम वोट बैंक पर है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस को खुली चुनौती दी है कि 2026 के चुनाव में वो किंगमेकर साबित होंगे। वहीं, अब हुमायूं कबीर अपनी तुलना असदुद्दीन ओवैसी से कर बैठे हैं। हुमायूं कबीर का कहना है कि वो बंगाल के ओवैसी हैं। उन्होंने दावा किया है कि AIMIM के अध्यक्ष और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी उनके साथ गठबंधन करने के लिए राजी हो गए हैं। हुमायूं कबीर के अनुसार, मैंने ओवैसी से बात की है।



ओवैसी ने मुझसे कहा है कि वो हैदराबाद के ओवैसी हैं और मैं बंगाल का ओवैसी हूं। हुमायूं कबीर ने आगे कहा- मैं 10 दिसंबर को कोलकाता जाऊंगा और पार्टी की कमेटी बनाऊंगा। 22 दिसंबर को लाखों समर्थकों के साथ मैं अपनी नई पार्टी की नींव रखूंगा। पश्चिम बंगाल में 27 प्रतिशत मुस्लिम वोट बैंक TMC को मिलता है। इसपर हुमायूं कबीर कहते हैं, मैं नई पार्टी बनऊंगा, जो मुस्लिमों के लिए काम करेगी। 135 सीटों पर मैं अपने उम्मीदवार उतारूंगा। यह गेमचेंजर साबित होगा। TMC का मुस्लिम वोट बैंक खत्म हो जाएगा। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होंगे। हुमायूं कबीर का कहना है कि वो इस चुनाव में किंगमेकर की भूमिका निभाएंगे। 2021 के विधानसभा चुनाव में ओवैसी की पार्टी AIMIM ने 7 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन उन्हें किसी भी सीट पर जीत नहीं मिली। ऐसे में हुमायूं कबीर के साथ गठबंधन करके ओवैसी बंगाल में एंट्री की तैयारी कर रहे हैं।

## गद्दा फैक्ट्री में लगी आग, कच्चा माल और मशीनें जलकर खाक

**रायपुर, 10 दिसम्बर ।**

सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक गद्दा फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई है। औद्योगिक क्षेत्र के फेज 2 स्थित अरविंद इंडस्ट्रीज में यह आगजनी हुई। इसमें फैक्ट्री का कच्चा माल और मशीनें जल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की 5 गाड़ियाँ मौके पर पहुँच कर आग बुझाने का प्रयास जारी है। फैक्ट्री से उठता घना धुआँ दूर तक दिखाई दे रहा है। अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।

## आदिल और साथी डॉक्टरों ने कश्मीर के जंगलों में ली थी ट्रेनिंग, दिल्ली बम ब्लास्ट मामले में नया खुलासा



**श्रीनगर 10 दिसम्बर।** दिल्ली के लाल किला के पास हुए आतंकी हमले में लिप्त सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल में शामिल आतंकियों ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग व कुलगाम के जंगलों में हथियार चलाने, आईईडी लगाने और ड्रोन के संचालन की ट्रेनिंग ली थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अनंतनाग और कुलगाम में कुछ जगहों पर छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार, एनआईए की टीम के साथ आतंकी डा. अदील राथर और उसका साथी जासिर बिलाल भी थे। हालांकि देर रात तक एनआइए ने इसकी पुष्टि नहीं की है। संबंधित सूत्रों ने बताया एनआईए की टीम अदील राथर और जासिर बिलाल वानी को अनंतनाग में मट्टन के ऊपरी भाग में एक व्यक्ति विशेष के घर और हातमुरा के जंगल में लेकर गई। इसके अलावा एनआईए की टीम उन्हें लेकर काजीगुंड (कुलगाम) के साथ सटी एक पहाड़ी पर भी गई।

## दिल्ली में जींस रंगाई की अवैध फैक्ट्रियों पर निगम का शिकंजा, छह को किया सील, कार्रवाई से मचा हड़कंप

**पूर्वी दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने जींस रंगाई की अवैध फैक्ट्रियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। शाहदरा उत्तरी जोन ने अलग-अलग क्षेत्रों में चोरी छिपे चल रही रंगाई की छह अवैध फैक्ट्रियों को सील किया है। निगम ने बिजली कनेक्शन काटने के साथ ही फैक्ट्री की मशीनों को भी जब्त कर दिया है। लोगों ने विरोध किया भी किया। पुलिस की मौजूदगी के चलते उनका विरोध काम नहीं आया। निगम ने बताया कि सूचना मिली थी कि जींस रंगाई की पांच फैक्ट्रियां सादतपुर वार्ड में चल रही हैं। निगम ने उन फैक्ट्रियों की पहचान की सरकारी अमले के साथ सील कर दी। एक फैक्ट्री सोनिया विहार वार्ड में चल रही थी, उसे भी सील कर दिया। इसके अतिरिक्त एक अन्य फैक्ट्री घोंडा वार्ड व दो बृजपुरी वार्ड में सील की। निगम सूत्रों ने बताया कि यह फैक्ट्रियां किराये पर चल रही थी। मालिक किरायेदारों से रंगाई करवाने की एवज में मोटा किराया वसूल रहे थे। यहां भू-जल का भी दोहन हो रहा था। जींस रंगाई वालों ने फैक्ट्री के अंदर ही गड्ढे खोदे हुए थे। रंगाई का पानी उस गड्ढे में बहाया जा रहा था, वह पानी जमीन में जा रहा था। जिससे भू-जल भी दूषित हो रहा था। अवैध रूप से सबमर्सिबल लगे हुए थे।




**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# सागर-झांसी हाईवे-44 पर बड़ा सड़क हादसा, बीडीएस के चार जवानों की मौत, कंटेनर से पुलिस वाहन की हुई थी टक्कर



**भोपाल, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सागर मध्य प्रदेश के सागर जिले से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां सड़क दुर्घटना में बम डिस्पोजल स्क्वाड के चार जवानों की मौत हो गई, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है। घायल जवान का उपचार सागर के एक निजी अस्पताल में जारी है। घटना तड़के करीब 4 बजे सागर-झांसी नेशनल हाईवे-44 पर बांदरी और मालथौन के बीच झीकनी घाटी के पास हुई। जानकारी के अनुसार, मुरैना बीडीएस टीम का वाहन बालाघाट से ड्यूटी कर वापस लौट रहा था, तभी पुलिस वाहन की टक्कर एक कंटेनर से हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा, आरक्षक राजीव चौहान गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज जारी है। हादसे में जवानों के साथ मौजूद डॉग सुरक्षित पाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। प्रारंभिक जांच में हादसे के पीछे वाहन अनियंत्रित होने और कंटेनर से जोरदार टक्कर की बात सामने आ रही है। इस दर्दनाक दुर्घटना से मुरैना और भिंड जिलों में गहरा शोक व्याप्त है। शहीद जवानों के शवों को मालथौन ले जाया गया है, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## खाटू श्याम जा रहे यात्रियों की बस सीकर में ट्रक से भिड़ी, तीन की मौत और 28 घायल

**नई दिल्ली 10 दिसम्बर।** राजस्थान में 50 यात्रियों से भरी एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई और 28 लोग घायल हैं। बस में सभी तीर्थयात्री सवार थे, जो वैष्णो देवी से यात्रा करके लौटे थे और खाटू श्याम के दर्शन करने जा रहे थे। यह हादसा राजस्थान में जयपुर-बीकानेर हाईवे के पास मंगलवार की रात लगभग 11 बजे हुआ। फतेहपुर के पास बस अचानक ट्रक से टकरा गई। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि 3 यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। फतेहपुर स्ााह्र महेंद्र कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह एक स्लीपर बस थी, जिसमें लगभग 50 यात्री सवार थे। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई और 28 लोग घायल हैं। वहीं, 7 लोगों की हालत गंभीर है। बस में सवार सभी लोग गुजरात के वलसाड से ताल्लुक रखते हैं। वैष्णो देवी से यात्रा करके लौटे सभी लोगों ने खाटू श्याम जाने का फैसला किया। बस बीकानेर से जयपुर की तरफ जा रही थी, तभी झुनझुनु से आ रही एक ट्रक बीकानेर के पास ही बस से टकरा गई। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## तहसील हरदी बाजार में अवैध धान परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई, 190 कट्टी धान जप्त



**कोरबा** । कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देश पर सोमवार को तहसील हरदी बाजार अंतर्गत ग्राम नूनेरा में अवैध धान के परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर अनुभागीय अधिकारी पाली श्री रोहित सिंह एवं नायब तहसीलदार पाली, हल्का पटवारी की टीम द्वारा रात्रि 8.30 बजे छापा कार्रवाई की गई। मौके पर पिकअप वाहन में 70 कट्टी धान परिवहन हेतु लोड पाया गया तथा प्रोपराइटर मनोज किराना स्टोर, नूनेरा के गोदाम में 120 कट्टी धान अवैध रूप से भंडारित पाया गया। कुल 190 कट्टी (लगभग 82 क्विंटल) धान जप्त करते हुए गोदाम को सील कर विधिवत सुपुर्द

## जश्न रिसॉर्ट के संचालक को सपना चौधरी के वकील ने भेजा 50 लाख का नोटिस

**कोरबा।** कोरबा अंचल अंतर्गत सपना चौधरी के प्रस्तावित म्यूजिकल कार्यक्रम को लेकर जश्न रिसॉर्ट, कोरबा पर कानूनी कार्रवाई का खतरा बढ़ गया है। फॉनोग्राफिक परफॉर्मेंस लिमिटेड (पीपीएल) ने जश्न रिसॉर्ट के संचालक को 50 लाख रुपये हर्जाने का नोटिस भेजा है। यह नोटिस कॉपीराइट उल्लंघन के आरोपों पर आधारित है। उक्त मामला अब गंभीर मोड़ ले चुका है और शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।पीपीएल का आरोप है कि 12 अक्टूबर 2025 को प्रस्तावित 'सपना चौधरी म्यूजिकल इवेंट' से पहले ही रिसॉर्ट को लिखित चेतावनी दी गई थी कि किसी भी कॉपीराइटेड संगीत का उपयोग करने के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक है। 6 अक्टूबर कोऔर 10 नवंबर को भेजने के बावजूद लाइसेंस नहीं लिया गया। पीपीएल का कहना है कि रिसॉर्ट परिसर में बिना अनुमति संगीत प्रसारित होने दिया गया, जो कॉपीराइट कानून का सीधा उल्लंघन है। री-ज्वाइंडर में पीपीएल का कहना है की जश्न रिसॉर्ट के पार्टनर और ऑपरेटर होने के नाते संचालक पर कानूनी जिम्मेदारी तय होती है। कॉपीराइट कानून के मुताबिक कोई भी स्थल संचालक जो अपने परिसर को बिना लाइसेंस संगीत प्रदर्शन के लिए उपलब्ध कराता है, वह उल्लंघन का भागीदार माना जाता है। आयोजकों पर जिम्मेदारी डालकर रिसॉर्ट अपनी कानूनी बाध्यता से नहीं बच सकता। पीपीएल ने आगे कहा हैं कि उनकी वेबसाइट पर लाखों साउंड रिकॉर्डिंग्स का अधिकारिक डाटा उपलब्ध है, जिसका लाइसेंस लेना अनिवार्य है। पीपीएल ने रिसॉर्ट प्रबंधन से दोबारा मांग करी हैं की पिछले कॉपीराइट उल्लंघन के लिए 50 लाख रुपये हर्जाना और लाइसेंस शुल्क जमा किया जाए। भविष्य में किसी भी कार्यक्रम में पीपीएल के साउंड रिकॉर्डिंग्स का उपयोग बिना लाइसेंस न किया जाए। री-ज्वाइंडर में बॉम्बे हाई कोर्ट के उन आदेशों का भी हवाला दिया गया है, जिनमें अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिना लाइसेंस किसी भी स्थल पर कॉपीराइट संगीत बजाना अवैध है।

संगीत कार्यक्रम की अनुमति देने वाला स्थल संचालक भी उल्लंघन का आरोपी माना जाएगा। पीपीएल ने यह भी

## 8 डीएसपी की तबादला सूची हुई जारी-कोरबा भी हुआ प्रभावित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रशासन अंतर्गत शासकीय कार्य में कसावट लाने हेतु 8 डीएसपी की तबादला सूची जारी की गयी हैं। जिसमे कोरबा जिला भी प्रभावित हुआ हैं।

जारी नई तबादला सूची के अनुसार 8 डीएसपी का तबादला किया गया हैं। यह आदेश देर रात जारी हुआ हैं। जिसमे राज्य सरकार द्वारा 8 नई डीएसपी की पोस्टिंग की गई। राज्य सरकार ने उप पुलिस अधीक्षकों की नवीन पदस्थापना सूची जारी की गयी हैं। उक्त जारी सूची में सुमन जायसवाल को जांजगीर से राजनांदगांव भेजा गया। आकाश चौधरी को बस्तर से बिलासपुर, दानेश्वर प्रसाद साहू को मुंगेली से दुर्ग, निशांत कुर्रे को बिलासपुर से अंबिकापुर, अजय कुमार नागवंशी को बस्तर से रायगढ़, अमित कोसमा को कांकेर से रायपुर, सुमित चंद्रा को कोरबा से बस्तर, आस्था शर्मा को राजनांगांव से कोरबा भेजा गया हैं।



## वार्षिकत्सव धूमधाम से मनाया गया करियर पब्लिक स्कूल में

**कोरबा।** करियर पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव 'आरंगम 2025' का रंगारंग और भव्य आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर आकर्षक सजावट, रोशनी और उत्साहपूर्ण माहौल से जगमगा उठा। छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की भारी उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अजीत वसंत, विशिष्ट अतिथि मनीष राजोरिया (चेयरमैन, करियर पब्लिक स्कूल) और विशेष अतिथि प्रो. प्रदीप जैन (ग्रुप डायरेक्टर) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह के साथ सम्मान किया गया। इसी अवसर पर करियर डिजाइन स्कूल का उद्घाटन भी किया गया, जिसे विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता का महत्वपूर्ण कदम बताया गया।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा और छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक गणेश वंदना से हुई। इसके बाद 'भारत-एकता नृत्य-नाटिका' में छात्रों ने पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर भारत की लोक-संस्कृतियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों का फ्यूजन डांस दर्शकों को रोमांचित कर गया। 'नारी शक्ति' पर आधारित नृत्य ने महिलाओं की शक्ति, आत्मविश्वास और बदलती भूमिका को बेहतर ढंग से दिखाया। छात्रों के समूह गायन ने 'वंदे मातरम्' की मधुर गूंज से वातावरण को देशभक्ति से भर दिया।चेयरमैन मनीष राजोरिया ने अपने उद्बोधन में ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। ग्रुप डायरेक्टर प्रो. प्रदीप जैन ने विद्यालय को तकनीकी उन्नति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आदर्श संस्थान कहा। मुख्य अतिथि कलेक्टर अजीत वसंत ने शिक्षा, जीवन मूल्यों और संघर्षों में धैर्य की महत्ता पर जोर देते हुए अपने जीवन के प्रेरक अनुभव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सहज और प्रेरणादायक उत्तर दिया।विद्यालय की प्राचार्या किरण तिवारी ने वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों, खेलों में सफलता और नई शैक्षणिक पहलों का विवरण शामिल था। इसके बाद कक्षा 10वीं व 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्मृति चिह्न और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। 'आरंगम 2025' ने छात्रों की प्रतिभा, विद्यालय की कार्यप्रणाली और शिक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को प्रभावी रूप से दर्शाया।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव को कोरबा के शासकीय मोक्षगुंडम विश्वैश्वरैया कॉलेज में मिला समर्थन

### सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हस्ताक्षर कर जताया समर्थन

**कोरबा** । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी पहल 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के समर्थन में पूरे देशभर में चल रहे जन जागरूकता अभियान के तहत कोरबा जिले के शासकीय ई.वी.पी.जी. महाविद्यालय में एक भव्य हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान का शुभारंभ छत्तीसगढ़ प्रदेश में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के प्रभारी सह भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' अभियान के सह संयोजक मोंटी पटेल के नेतृत्व में किया गया, जिसमें महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर हस्ताक्षर कर इस राष्ट्रव्यापी पहल को अपना समर्थन दिया।

इस अवसर पर सह संयोजक मोंटी पटेल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' राष्ट्रहित में उठाया गया ऐतिहासिक कदम है। इससे बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले भारी खर्च, प्रशासनिक बाधाओं और संसाधनों की अनावश्यक बर्बादी पर रोक लगेगी। इससे न केवल समय और धन की बचत होगी, बल्कि देश के विकास कार्यों में भी निरंतरता बनी रहेगी।उन्होंने कहा कि इस प्रणाली से लोकतंत्र में जनता का विश्वास और भी मजबूत होगा तथा राजनीतिक दलों को सकारात्मक, विकासोन्मुख और जिम्मेदार राजनीति की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। हस्ताक्षर अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह और जागरूकता देखने मिली। बड़ी संख्या में युवाओं ने इस पहल को देश के भविष्य के लिए आवश्यक सुधार बताते हुए अपना समर्थन दिया। छात्र-छात्राओं ने कहा कि इससे पढ़ाई के समय बार-बार आचार संहिता लागू होने से होने वाले व्यवधानों से भी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की अवधारणा न केवल चुनावी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और मजबूत बनाएगी, बल्कि इससे प्रशासनिक स्थिरता, संसाधनों की बचत और विकास कार्यों की निरंतरता सुनिश्चित होगी। बार-बार चुनावों से उत्पन्न राजनीतिक अस्थिरता पर भी इससे काफी हद तक रोक लगेगी। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक सुधारों से जोड़ने का यह प्रयास विशेष रूप से सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने युवाओं से अपील की कि वे इस विषय पर समाज में भी जागरूकता फैलाएँ और राष्ट्रहित से जुड़े इस महाअभियान को जन आंदोलन का रूप दें।

## जिला साहू संघ कोरबा के निर्विरोध पुन: अध्यक्ष चुने गए गिरिजा साहू

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार 09 दिसंबर दिन मंगलवार को जिला साहू संघ, कोरबा का निर्वाचन हुआ, जिसमें पर्यवेक्षक रामलाल साहू एवं मुकेश साहू उपस्थित रहे। निर्वाचन प्रक्रिया को विधिवत निर्वाचन अधिकारी श्रीमती लखनी साहू एवं सह निर्वाचन अधिकारी सी.पी. चौधरी ने सम्पन्न कराया। जानकारी के अनुसार सुबह 11.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक नामांकन फार्म जमा करने का समय निर्धारित था। निर्धारित समय में सभी पद हेतु (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पुरूष, उपाध्यक्ष महिला, संगठन सचिव पुरूष, संगठन सचिव महिला) एक-एक फार्म ही जमा हुआ। उनके विरोध में किसी ने भी किसी पद के लिए नामांकन नहीं भरा। तब निर्वाचन अधिकारी ने पांचों पद के अभ्यर्थी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित पर्यवेक्षकों एवं स्वजातिय जन मानस के समक्ष किया। निर्वाचन कार्यालय माता कर्मा मंदिर प्रांगण गेवरा परियोजना, जिला-कोरबा में नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। माता कर्मा मंदिर प्रांगण में मुख्य रूप से मुरित राम साहू-पूर्व प्रदेश महासचिव, रामकृष्ण साहू (मुन्ना) संरक्षण, घनश्याम प्रसाद साहू जिला कोषाध्यक्ष, अन्नूलाल साहू जिला महासचिव, टेकराम साहू पूर्व तहसील अध्यक्ष बरपाली, सभी परिक्षेत्र इकाई अध्यक्ष, पूर्व जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी स्वजातिय जन बड़ी संख्या में

## अभियान: लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु 16 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम



**कोरबा** । कलेक्टर श्री अजीत वसंत जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री बसंत मिंज एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री गजेंद्र देव सिंह के मार्गदर्शन में नवा बिहान से संरक्षण अधिकारी, महिला सशक्तीकरण केंद्र (हब), जिला मिशन समन्वयक रत्ना नामदेव, जेन्डर विशेषज्ञ तुलेश्वर दुबे,एवं चाईल्ड लाईन के स्टॉफ, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय अधंरीकछार, कस्तुरबा गांधी विद्यालय तथा कन्या छात्रावास एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक पीडब्लूडी विद्यालय, कोरबा में लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु 16 दिवसीय (25 नवम्बर से 10 दिसम्बर) विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में योजनांतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह आदि योजनाओं द्वारा आर्थिक रूप से बालिकाओं को सशक्त बनाया जा रहा हैं। चाइल्ड लाईन 1098, गुड टच बैंड टच, मातृछाया, (नवजात बच्चों को फेंके ना हमें दे) पालना केन्द्र आदि योजनाओं के माध्यम से बच्चो को सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में बच्चों को भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता कराकर बालिकाओं को पुरुस्कृत किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे लैंगिक आधारित हिंसा समाप्ति, सखी वन स्टॉप सेंटर, साइबर सुरक्षा, आपातकालीन नम्बरो जैसे डायल 112, 181, 1098, 1930,घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, पॉश एक्ट (शी-बॉक्स) आदि विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योजनाओं से संबंधित पॉम्पलेट आदि का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं और स्कूल के प्रचार्य, शिक्षक -शिक्षिका की उपस्थिति में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह मुक्त भारत का शपथ लिया गया।

## 21 दिसंबर को पल्स पोलियो अभियान का आयोजन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में राज्य के सभी जिलों में 21 दिसंबर, 2025 (रविवार) को पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान राज्य को पोलियो मुक्त बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अभियान के अंतर्गत 5 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक (बूंदें) पिलाई जाएंगी। जिला कोरबा में लगभग 172000 लाख बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**महत्वपूर्ण बिंदे:**

1. तिथि: 21 दिसंबर, 2025 (रविवार)2. समय: सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक3. लक्ष्य: राज्य के सभी 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे 4. खुराक: पोलियो निरोधक बूंदें 5. स्थल: स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र, सार्वजनिक स्थलों पर अस्थायी बूथ

: इस संबंध में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सी के सिंह मैडम के द्वारा समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं बी पी एम का बैठक लेकर तैयारी का जायज़ा लिया गया । स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। अभियान में शामिल सभी टीमों को आवश्यक सामग्री (वैक्सीन, ठंडी श्रृंखला, ढ्रश्वष्ट सामग्री आदि) उपलब्ध करा दी गई है।जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ कुमार पुष्पेश ने सभी माता-पिता और अभिभावकों से अपील किए है कि वे अपने 5 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को 21 दिसंबर, 2025 को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की बूंदें अवश्य पिलाएं। यह खुराक बिल्कुल सुरक्षित और प्रभावी है, जो बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से स्थायी सुरक्षा प्रदान करती है ।

# बढ़े समर्थन मूल्य और सुविधाजनक खरीदी व्यवस्था ने किसानों की आय में बढ़ोतरी का दिया विश्वास



**कोरबा।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सर्वाधिक समर्थन मूल्य, माइक्रो एटीएम, त्वरित भुगतान प्रणाली, ऑनलाइन टोकन, उपार्जन केंद्रों में सुव्यवस्थित व्यवस्था और बेहतर सुविधा की मजबूती जैसे प्रयासों ने किसानों के मन में सरकार के प्रति विश्वास को और सुदृढ़ किया है। सरकार का लक्ष्य है कि हर किसान बिना किसी कठिनाई के अपनी उपज बेच सके तथा उसे मेहनत का पूरा और पारदर्शी मूल्य मिल सके।

गाँव तालापार के किसान श्री बसंत सोनी उन अनेक किसानों में से एक हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की पारदर्शी और सुविधाजनक धान खरीदी व्यवस्था का लाभ उठाते हुए अपनी मेहनत की उपज को सम्मानजनक मूल्य पर बेचा है। 45 डिसमिल भूमि में खेती करने वाले श्री सोनी इस वर्ष कुल 8 क्विंटल 80 किलोग्राम धान लेकर बक्साही उपार्जन केंद्र पहुँचे।श्री सोनी बताते हैं कि पिछले वर्ष भी उन्होंने लगभग इतनी ही उपज विक्रय की थी, उनका कहना है कि 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिला जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति और बेहतर होगी, वे कहते हैं छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों के लिए जो व्यवस्थाएँ की हैं, वे वास्तव में सराहनीय हैं। उपार्जन केंद्र में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती। तौल समय पर हो जाती है और भुगतान भी जल्दी मिल जाता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जो मूल्य बढ़ाया है, वह हम किसानों के लिए बड़ी राहत है। प्रक्रिया के दौरान उन्हें केंद्र में सुचारू तौल सुविधा, माप-तौल में शुद्धता, प्रतीक्षा के दौरान पेयजल एवं बैठने की व्यवस्था तथा टोकन प्रणाली के माध्यम से भीड़ रहित संचालन जैसी व्यवस्थाएँ मिलीं। इन सब सुविधाओं ने उपज विक्रय को सरल और पारदर्शी बना दिया।उन्होंने आगे बताया कि इस बार की बेहतर कीमत से उनकी खेती में निवेश बढ़ेगा। वे आने वाले मौसम में अधिक उत्पादन हेतु आधुनिक कृषि तकनीक और गुणवत्तापूर्ण बीजों का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी, बल्कि कृषि उत्पादकता भी मजबूत होगी।

# वक्फ बोर्ड चेयरमेन डॉ. सलीम राज ने किया शहंशाह-ए-छत्तीसगढ़ कैलेंडर का विमोचन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के चेयरमेन डॉ. सलीम राज ने शहंशाह-ए-छत्तीसगढ़ कैलेंडर का विमोचन किया। यह कैलेंडर आगामी नववर्ष के अवसर पर कोरबा सुन्नी मुस्लिम जमात के अध्यक्ष हाजी अखलाक खान असरफी द्वारा प्रकाशित किया गया है। कैलेंडर में उर्दू तिथियों के साथ राष्ट्रीय पर्व, इस्लामी त्योहार, शादी-विवाह की मुबारक तिथियां, पवित्र आयतें एवं दुआओं को स्थान दिया गया है।कैलेंडर विमोचन से पूर्व इसे दरगाह लूथरा शरीफ में बाबा साहब के आस्ताने पर पेश किया गया। इस अवसर पर लूथरा शरीफ दरगाह के खादिम हाजी शेर मोहम्मद, उस्मान खान, अब्दुल गफ्फार, हाजी शरीफ खान, हाजी मोहम्मद साबिर और यासीन खान, कोरबा मुस्लिम जमात के सरफरस्त कारी सैय्यद सब्बीर अहमद असरफी उपस्थित रहे।इसके पश्चात रायपुर पहुंचकर वक्फ बोर्ड चेयरमेन डॉ. सलीम राज के कार्यालय में कैलेंडर का औपचारिक विमोचन किया गया। इस अवसर पर कोरबा सुन्नी मुस्लिम जमात के अध्यक्ष हाज़ी अख़लाक खान अशरफी, बिलासपुर से हाजी इकबाल हक, शेख अब्दुल गफ्फार, सुन्नी मुस्लिम जमात के जनरल सेक्रेटरी जुम्मन खान रिजवी, हकीम खान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। अतिथियों ने कैलेंडर के प्रकाशन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत उपयोगी बताया इस मौके पर हाजी अखलाक खान असरफी ने कहा कि यह कैलेंडर लोगो को निशुल्क वितरण किया जाएगा शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि समाज को धार्मिक एवं सामाजिक तिथियों की सही जानकारी मिल सके।

## क्लोदिंग, इक्यूपमेंट, फायर और आपदा की निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी

### नगर सेना, कोरबा कार्यालय में 22 दिसंबर को होगी नीलामी

**कोरबा** । नगर सैनिकों के पुराने वर्दियां, इक्यूपमेंट, फायर एवं आपदा की निष्प्रयोज्य सामग्रियों की निलामी की कार्यवाही 22 दिसंबर को प्रात: 11 बजे नगर सेना एवं अग्निशमन कार्यालय रजगामार रोड कार्यालय प्रांगण में किया जायेगा।

निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों में नगर सेना के जवानों की वर्दी सामग्री यथा फुलपेंट, कमीज, टोपी, टोपी बैज, कंधा बैज, जूते, मोजे, कंबल, दरी, जर्सी, अंगोला शर्ट, बेल्ट, बेल्ट लेदर, मच्छरदानी, बरसाती, ग्राउण्ड सीट, व्हीसील, थाली, गिलास, बुट ब्रश, पंखा एवं सबमर्शिबल मोटर अन्य अनुपयोगी सामग्री शामिल है। नगरसेना के कोरबा कार्यालय द्वारा निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों की नीलामी 'लाट में, जैसी है जहां है जितनी हैं' आधार पर की जायेगी। पूरे निष्प्रयोज्य सामान की एक साथ नीलामी होगी। इच्छुक क्रेता नीलामी तिथि से एक दिन पहले तक कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना कोरबा में आकर सामग्रियों का अवलोकन कर सकते हैं। प्रत्येक खरीददार को बोली लगाने के पूर्व राशि एक हजार मात्र प्रतिभूति के रूप में जमा करना अनिवार्य है। जिन खरीददार की बोली स्वीकार नहीं होगी उन खरीददारों की जमा राशि वापस कर दी जायेगी। खरीदार की उच्चतम बोली पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा स्वीकार किये जाने पर बोली की राशि जमा कर उसी दिन संपूर्ण सामग्रियों को उठाना होगा। नीलामी बोली की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति का अधिकार नीलामी कमेटी का होगा।

## डॉ. राजीव सिंह बीजेपी रायपुर संभाग के संगठन सह प्रभारी हुए नियुक्त

**कोरबा** । भारतीय जनता पार्टी रायपुर संभाग के संगठन सहप्रभारी के रूप में भाजपा कोरबा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह को बीजेपी के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने नियुक्त किया गया है।

# विद्यालयों से दूर होंगी पेयजल की समस्या, कलेक्टर ने पेयजल संकट वाले स्कूलों की सूची मांगी

**कोरबा।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कामकाज की व्यापक समीक्षा की। बैठक में उन्होंने टीएल के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के तथा विद्यालयों में पेयजल की समस्या का समाधान करने हेतु निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि ऐसे सभी विद्यालयों की सूची तत्काल तैयार कर प्रस्तुत करें, जहाँ बोरवेल खराब हैं या उपलब्ध नहीं हैं और जहाँ पेयजल का संकट बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सूची प्राप्त होते ही डीएमएफ मद से इन विद्यालयों में पेयजल हेतु बोर स्वीकृत किए जाएंगे तथा फरवरी-मार्च माह में बोर खोदने का कार्य सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने पाली नगर पंचायत से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर डीएमएफ से चार नए बोरवेल स्वीकृत करने की मंजूरी भी प्रदान की। उन्होंने पिछले वर्ष पाली तथा पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में स्वीकृत हैंडपम्पों के विरुद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि पूर्व में किए गए कार्यों को किसी भी स्थिति में वर्तमान नए कार्यों में शामिल न किया जाए।

बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशन में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने डिजिटाइजेशन कार्य की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन मामलों में गणना पत्रक असंग्रहित हैं, उनमें संबंधित व्यक्तियों को नोटिस देकर दावा-आपत्ति मंगाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि



जनपद पंचायत कार्यालयों में सभी ग्राम पंचायतों की मतदाता नामावली सुरक्षित स्थान पर सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाए। कलेक्टर ने डिजिटाइजेशन के लंबित कार्यों में तेजी लाने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सही मतदाता का नाम सूची से न छूटे तथा अनाधिकृत मतदाता का नाम किसी भी स्थिति में सूची में शामिल न हो। उन्होंने बीएलओ और बीएलए की बैठक शीघ्र आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने एसडीएम तथा राजस्व टीम को संवेदनशील धान उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सप्ताह में जारी होने वाले टोकनों के आधार पर किसानों का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए और संदिग्ध किसानों की जांच कर अवैध खरीदी को हर हाल में रोका जाए। उन्होंने डीओ आधारित खरीदी के मामलों में धान सत्यापन को सुनिश्चित करने और रकबा समर्पण वाले मामलों में नियमानुसार रकबा समर्पण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह स्पष्ट किया कि धान खरीदी केवल वास्तविक किसानों से की जाए और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विभागीय अधिकारी विशेष ध्यान रखें। उन्होंने वीडियो कॉल वेरीफिकेशन ऐप में किसानों की फोटो अनिवार्य रूप से अपलोड करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जांच नाकों पर सतत निगरानी रखने तथा जब्त अवैध धान की सुपुर्दगी के बाद उसकी पुन: रिसाइक्लिंग कर किसी भी स्थिति में उपार्जन केंद्रों में विक्रय न होने पाए, इसके लिए कड़ी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में धान का शीघ्र उठाव कराने, उपार्जन केंद्रों में धान बेचने आने वाले किसानों की फोटो ऐप में अपलोड कराने तथा सीसीटीवी कैमरों को पूर्णत: क्रियाशील रखने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने डीओ आधारित परिवहन कर रही वाहनों की मार्ग में जांच कर सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के कमजोर विद्यार्थियों के लिए 22 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली रिमेडियल कक्षाओं की तैयारी की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि कक्षाएँ प्रारंभ करने से पूर्व चिन्हांकित स्थानों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर दी जाएँ। उन्होंने कमजोर विद्यार्थियों के अध्यापन के लिए विषयवार शिक्षकों की सूची तैयार करने और बोर्ड परीक्षा तक किसी भी प्रकार का अनावश्यक अवकाश प्रदान न करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डीईओ को विद्यार्थियों की रुचि तथा समसामयिक ज्ञान के अनुरूप प्राचार्य के माध्यम से पुस्तकें खरीदने के निर्देश भी दिए। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर अपार आईडी से वंचित विद्यार्थियों की सूची एसडीएम को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने अगले वर्ष विद्यालय में प्रवेश लेने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों की सूची डीपीओ से प्राप्त कर उनके जाति प्रमाणपत्र बनवाने की प्रक्रिया अग्रिम रूप से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रवेश के साथ ही आंगनबाड़ी से उच्च कक्षाओं में पहुँचे विद्यार्थियों को जाति प्रमाणपत्र उपलब्ध करा दिया जाए। जहाँ आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, वहाँ ग्राम सभा के प्रस्ताव के माध्यम से अनुमोदन की कार्यवाही पूर्ण की जाए।

डीएमएफ मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को पूर्ण नहीं करने वाली ग्राम पंचायतों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे मामलों में संबंधित सरपंच एवं सचिवों के विरुद्ध वसूली प्रकरण दर्ज किए जाएँ। उन्होंने जनपदवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी जनपद सीईओ को प्रधानमंत्री जनमन तथा पीएम आवास योजना अंतर्गत कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए।

# कौन होगा इस वर्ष जिले में वकीलों के संगठन का अध्यक्ष

**जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। संघ के चुनाव 29 दिसंबर को कराए जाएंगे।**




**जांजगीर।** मतदान सुबह 10.30 बजे सीलिंग प्रक्रिया के बाद 10.30 से 3 बजे तक चलेगा। इसके बाद एक घंटे के लंच ब्रेक के बाद शाम 4 बजे से मतगणना शुरू होगी और उसी दिन परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। इसके लिए चुनाव अधिकारी अधिवक्ता ललित सिंह को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि उनके साथ उमेश राठौर और ईश्वर प्रसाद तिवारी सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्त हैं। उन्होंने बताया कि इस बार चुनाव प्रक्रिया पुराने नियमों के अनुसार ही होगी, पर पारदर्शिता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चुनाव के लिए अधिवक्ताओं को मनाने का दौर शुरू हो गया है।

सभी अपने-अपने स्तर पर दावे और वादे कर अधिवक्ताओं को लुभाने का प्रयास किया जा रहा है। वन भोज के आयोजन भी शुरू हो गए हैं। 29 दिसंबर को होने वाला मतदान और उसी दिन परिणाम घोषणा के चलते अधिवक्ताओं में चुनावी हलचल तेज हो गई है। आने वाले दिनों में नामांकन प्रक्रिया और प्रत्याशियों के औपचारिक परिचय के साथ चुनावी माहौल और गर्माने की पूरी संभावना है।

चुनाव के लिए नामांकन 15 से 18 दिसंबर तक दोपहर 3 बजे तक लिया जाएगा। नामांकन पत्रों की जांच और अंतिम सूची 18 दिसंबर के बाद जारी की जाएगी। अधिवक्ता संघ के 349 सदस्यों की प्रथम मतदाता सूची जारी की जा चुकी है। अंतिम सूची मासिक सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर के बाद जारी होगी। केवल वही अधिवक्ता मतदान कर सकेंगे जिनके नाम जिला अधिवक्ता संघ की सदस्यता सूची में दर्ज हैं और वे नियमित रूप से अधिवक्ता व्यवसाय कर रहे हैं।

**15 से 18 दिसंबर तक होगा नामांकन**

इस बार चुनाव कड़े मुकाबले वाला चुनाव अधिकारी ललित सिंह के अनुसार इस बार संघ के चुनाव में सभी पदों पर मुकाबला देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि कई अधिवक्ता सक्रियता से चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में हैं और माहौल काफी उत्साहपूर्ण है। इस बार मुकाबला जोरदार होगा। जिले में अधिवक्ताओं के बीच इस चुनाव को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। कई युवा अधिवक्ता भी संघीय पदों में रुचि दिखा रहे हैं, जिससे चुनाव और भी प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद है।

# माइनिंग विभाग ने अवैध खनन और विभाग पर की कार्यवाही

**जांजगीर।** अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ जिला प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इस क्रम में जिला खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि बम्हनीडीह, पुछेली, बिर्रा, कनस्दा, हथनेवरा और पीथमपुर क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

खनिज उड़नदस्ता की कार्रवाई में कुल 5 वाहन जब्त किए हैं। इनमें ग्राम पुछेली से 1 ट्रैक्टर, पीथमपुर से 1 हाइवा, कनस्दा से 1 ट्रैक्टर और बम्हनीडीह से 2 हाईवा शामिल हैं। सभी वाहनों को संबंधित थाना और पुलिस रक्षित केंद्रों में सुरक्षा के लिए रखा गया है। जिला खनिज अधिकारी ने आगे बताया कि बम्हनीडीह और पुछेली क्षेत्र में अब तक 76 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें अवैध परिवहन के 66 प्रकरणों पर 11,87,480 रुपए, अवैध उत्खनन के 6 प्रकरणों पर 3,00,230 रुपए और अवैध भंडारण के 4 प्रकरणों पर 9,77,840 रुपए जुर्माना वसूलकर खनिज मद में जमा कराई गई है। अवैध खनन, परिवहन और भंडारण करने वालों के खिलाफ खनन एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23(ख) के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, संबंधित वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

दोबारा पकड़े गए तो परिवाद होगा दर्ज भविष्य में यदि पुनरावृत्ति होती है, तो न्यायालय में परिवाद दर्ज कर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर महोबे के निर्देशन में जिले में खनिज अमला और जिला स्तरीय टास्कफोर्स लगातार गश्त और निरीक्षण कर रही है। शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है और जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## जेब में सोना-चांदी लेकर भागा चोर, जवानों ने दौड़ाकर

**बिलासपुर।** 9 दिसंबर की रात पुलिस जवानों का गश्त काम आ गया। चौक पर एक बदमाश युवक पुलिसकर्मियों को देखकर भागने लगा। जवानों ने दौड़ाकर उसका पीछा किया और उसे पकड़ लिया।

तलाशी लेने पर वो अपने जैकेट में सोने-चांदी के गहने और कैश रखा था। पूछताछ में पता चला कि उसने टीचर के एक सूने मकान को निशाना बनाया था, वहां से लाखों की चोरी की थी। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है।

जवानों के चोर का पीछा करने और उसे रंगे हाथ पकड़ने का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। जिसमें भाग रहे युवक को पुलिसकर्मी दौड़ाते नजर आ रहे हैं। एसएसपी रजनेश सिंह ने कड़कड़ाती ठंड में मुस्तैद जवानों को शाबाशी दी है।

## दुष्कर्म का फरार आरोपी नागपुर से हुआ गिरफ्तार

**जांजगीर।** नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में एक साल से फरार आरोपी को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया है।



पश्चिम बंगाल, पुरलिया, टाटरी निवासी आरोपी मुसलिम शेख पिता शेख हालिम (19) के खिलाफ अकलतरा में 28 मार्च 2024 को धारा 354, 509, 509(ख) व पाक्सो एक्ट की धारा 8, 12 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। आरोपी ने नाबालिग से छेड़छाड़ की और सोशल मीडिया पर अश्लील मैसेज भेजे थे। पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपी नागपुर में छिपा है। सूचना पर अकलतरा टीम नागपुर भेजकर उसे गिरफ्तार किया गया।

# ठंड बढ़ने से सरकार ने बदला स्कूलों का समय, छात्रों को दी गई राहत




**जांजगीर।** जिले में लगातार गिरते तापमान और बढ़ती शीतलहर के मद्देनजर कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने विद्यार्थियों के हित में जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त और अन्य विद्यालयों का संचालन समय बदलने का आदेश जारी किया है। यह आदेश 11 दिसंबर 2025 से आगामी आदेश तक लागू रहेगा।

दो पाली में संचालित होने वाले विद्यालयों में प्रथम पाली में सोमवार से शुक्रवार प्रातः 08 बजे से 12 बजे तक और शनिवार को दोपहर 12¬15 बजे से 04¬15 बजे तक व दूसरी पाली में सोमवार से शुक्रवार दोपहर 12¬15 बजे से 04¬15 बजे तक और शनिवार प्रातः 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगेगी।

वहीं, एक पाली में संचालित होने वाले विद्यालयों का समय सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से 04 बजे तक और शनिवार को प्रातः 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर महोबे ने कहा कि यह कदम विद्यार्थियों की स्वास्थ्य सुरक्षा और ठंड के प्रभाव को ध्यान में रखकर उठाया गया है। ठंड और शीतलहर की स्थिति में समय परिवर्तन से बच्चों को सुबह की अत्यधिक ठंड में बाहर आने-जनने से राहत मिलेगी और उनकी पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। इसके साथ ही अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षाएं पूर्ववत निर्धारित समयानुसार ही संचालित की जाएंगी। जिले के स्कूल प्रशासन और शिक्षक इस बदलाव के अनुसार छात्रों की उपस्थिति और कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करेंगे।

## साइकिल बांटी-71 छात्राओं के खिले चेहरे

**बाराद्वार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरदा में सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत 71 स्कूली छात्राओं को साइकिल बांटी गई। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. खिलावन साहू थे, जिन्होंने कार्यक्रम में कहा कि छत्तीसगढ़ में जब-जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब-तब बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान विष्णु देव साय सरकार ने वर्ष 2025/26 के लिए शिक्षा विभाग के लिए बजट में 22,356 करोड़ रुपए है, जो कि कुल बजट का 12 प्रतिशत है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य गुलेश्वरी संजय कंवर, सरपंच बीएल यादव, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष विनोद जायसवाल थे।

## स्कूल वाहनों की जांच, एक पर जुर्माना



**सक्ती।** सक्ती जिले के प्राइवेट स्कूलों की सघन जांच की गई। जिला परिवहन अधिकारी जांजगीर-चांपा एवं सक्ती, गौरव साहू तथा सहायक उपनिरीक्षक (परिवहन उड़नदस्ता) सुनील उपाध्याय द्वारा जैजैपुर विकासखंड के संस्कार सेंट्रल एंड संस्कार भारती स्कूल जैजैपुर, उर्मिला पब्लिक स्कूल जैजैपुर एवं जीएससी पब्लिक स्कूल जैजैपुर की जांच की गई।

जांच के दौरान उर्मिला पब्लिक स्कूल के एक वाहन में कमी पाई गई, जिसके लिए 2000 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही सभी स्कूल संचालकों को बच्चों को लाने-ले जाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने के सख्त निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी प्राइवेट स्कूलों में विभाग द्वारा लगातार जांच की जाएगी।

## पेंशनर्स संघ की बैठक 17 को

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन, जिला जांजगीर-चांपा द्वारा हर माह की 14 तारीख को मासिक बैठक आयोजित की जाती है। इस माह पेंशन डे होने के कारण बैठक और कार्यक्रम विशेष रूप से दिनांक 17 दिसंबर को आयोजित की गई है। कार्यक्रम छोटी नहर के पास दाऊलाल राठौर के मंगलभवन में दोपहर 03 बजे होगा।बैठक में पेंशन डे के महत्व और संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। पिछले माह 14 तारीख को खोखरा में लखन थवाईत के मंगलभवन में 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनरों का सम्मान किया गया था। इस बार भी कुछ वरिष्ठ साथी जो पिछली बार उपस्थित नहीं हो पाए थे, उनका सम्मान किया जाएगा।

# केरा और शिवरीनारायण में 46 क्विंटल अवैध धान जब्त

**जांजगीर।** जिले में अवैध धान खरीदी, भंडारण और परिवहन पर रोक लगाने प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर विशेष निगरानी टीमों द्वारा मंगलवार को तहसील शिवरीनारायण क्षेत्र में दो स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम ने ग्राम केरा में मनीष ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान की जांच की, जहां 75 कट्टी यानी लगभग 30 क्विंटल धान बिना किसी वैध दस्तावेज के संग्रहित पाया गया। वहीं शिवरीनारायण नगर में स्थित विनय जनरल स्टोर से 42 कट्टी (लगभग 16 क्विंटल) अवैध धान बरामद किया गया। दोनों स्थानों से कुल 117 कट्टी (46 क्विंटल) धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई दर्ज की गई है।



## भुरकोनी से मोहदा मार्ग खस्ताहाल

**बल्दीडीह।** पिथौरा विकासखंड अंतर्गत भुरकोनी से मोहदा मार्ग कच्ची होने के कारण जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। 5 किलोमीटर रास्ते में चार पहिया वाहन चलने लायक नहीं है। दोपहिया वाहन वाले भी अक्सर इस रास्ते के गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं। 5 किमी रास्ता पूरा जंगल के बीच से गुजराता है। किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में कोई देखने वाला भी नहीं रहता है। इसमें वन विभाग की गंभीर लापरवाही है।



# हसौद में 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत

**हसौद।** मां महामाया की पावन नगरी हसौद में 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक उन्नयन के इस विराट आयोजन की शुरुआत सुबह कलश यात्रा के साथ हुई। 9 से 12 दिसंबर तक चलने वाले इस चार दिवसीय महायज्ञ में प्रदेशभर से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व गायत्री परिजन इस महायज्ञ को सफल बनाने जुटे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 11 दिसंबर को हसौद पहुंचकर इस महायज्ञ में शामिल होंगे। इसके अलावा राज्य सरकार के अन्य मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों के पहुंचने की संभावना है।

व्यवस्थाओं के लिए विशेष निर्देश भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा इस महायज्ञ को सफल बनाने तन्मयता से लगे हैं उन्होंने यज्ञ स्थल पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी ना हो, इसके लिए जिला प्रशासन को कई विशेष निर्देश दिए हैं। सिन्हा ने यातायात नियंत्रण, पार्किंग प्रबंधन, मेडिकल हेल्प और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला



प्रशासन को विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं।

तैयारियां पूरी, यज्ञस्थल जगमगाया यज्ञ स्थल को भव्य और दिव्य रूप में सजाया गया है। 251 हवन कुंडों का निर्माण, श्रद्धालुओं के लिए पंडाल, पेयजल, विश्राम व अन्य व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ की शुरुआत मंगलवार को सुबह 11 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर हसौद के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए सोन नदी पहुंची। यहां देव कन्या और महिलाओं ने विधि-विधान से कलश में जल भरा। जलाभिषेक के बाद कलशों को महामाया मंदिर ले जाकर पूजा-अर्चना की गई और इसके बाद कलशों को यज्ञ स्थल लाया गया। कलश यात्रा के बाद दोपहर 4 बजे से शांतिकुंज हरिद्वार की टोली का ज्ञान मंच से प्रवचन का शुभारंभ हुआ, जो देर शाम तक चला।

# नवदायित्व मिलने के बाद अमर सुल्तानिया ने मुख्यमंत्री व शीर्ष नेतृत्व से की भेंट, लिया मार्गदर्शन, किया आभार व्यक्त







**जांजगीर-चांपा।** भाजपा की संगठनात्मक पुनर्रचना के बीच जशपुर जिले का संगठन प्रभारी बनाए जाने के उपरांत अमर सुल्तानिया ने राजधानी पहुँचकर प्रदेश नेतृत्व से सौजन्य भेंट की। नई भूमिका को लेकर नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और जिले में संगठन सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। सुल्तानिया ने इस अवसर पर कहा कि विश्वास के इस दायित्व को वे पूर्ण मनोयोग से निभाएँगे और संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता होगी।

जशपुर के नवनियुक्त संगठन प्रभारी का दायित्व मिलने के बाद रायपुर में अमर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने जशपुर की संगठनात्मक अहमियत का उल्लेख करते हुए सुल्तानिया को सक्रिय संवाद, कार्यकर्ता-संपर्क और जनाधार विस्तार पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। इसके पश्चात वे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिले। डॉ. सिंह ने उनके राजनीतिक सफर और युवावस्था से चले आ रहे संगठनात्मक योगदान की सराहना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने शुभकामनायें देते हुए सुल्तानिया से कहा कि अनुभव और संगठनात्मक समझ जशपुर जिले में सकारात्मक गति प्रदान करेगी। नई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी और उन पर विश्वास जताने के लिए के लिए सुल्तानिया ने क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का भी आभार जताया है।

नवदायित्व के बाद प्रदेश के वित्त मंत्री एवं जशपुर जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, तथा क्रेडा अध्यक्ष और जांजगीर-चांपा विधानसभा प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कण्डेय तथा प्रदेश कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज का भी अमर ने आभार व्यक्त किया साथ ही सार्थक बातचीत हुई। सभी ने नवदायित्व के प्रति उनके उत्साह और नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष नंदन जैन, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग से मिल कर आभार जताया और कहा कि वरिष्ठों का मार्गदर्शन उनके लिए ऊर्जा का कार्य करता है।

शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात के बाद अमर सुल्तानिया ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास व्यक्त किया है, उसे वे पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और कार्यकर्ता-केन्द्रित कार्यशैली से निभाएँगे। इस अवसर अमर सुल्तानिया के साथ जितेंद्र खंडे, मुकेश भोपालपुरिया, सुनील पाण्डेय, साकेत तिवारी मौजूद रहे।

## अग्निवीर प्रदीप का नगर व विद्यालय में सम्मान

**नरियरा।** नगर पंचायत नरियरा में अग्निवीर योजना के तहत चयनित युवक प्रदीप कुमार साहू पिता दिनमणि साहू का भव्य सम्मान किया गया। उनके चयन की खुशी पूरे नगर में दिखाई दी और नगरवासियों ने रैली निकालकर उनका स्वागत किया, जिससे माहौल गर्व और उत्साह से भर उठा। विद्यालय में भी प्रदीप कुमार साहू का सम्मान अत्यंत गौरवपूर्ण रहा।

विशेष कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। शिक्षकगण व सहपाठियों ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह पल विद्यालय के लिए गर्व का क्षण साबित हुआ और सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा दी। इसी क्रम में नगर पंचायत और स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी प्रदीप का स्वागत किया।



# युवक के सीने के ऊपर से निकली बाइक, हुई मौत

**बिलासपुर।** अलग-अलग सड़क हादसे में बाइक और मोपेड सवार दो लोगों की मौत हो गई। एक घटना में कार के ड्राइवर ने अचानक गेट खोल दिया, जिससे उसके पीछे आ रहे बाइक युवक टकरा कर गिर गया। इस दौरान सामने से आ रही बाइक युवक के ऊपर से निकल गई। इस हादसे में युवक की मौत हो गई।

वहीं, दूसरी घटना में रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर ने मोपेड सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई और दूसरा साथी घायल हो गया। घटना सिविल लाइन और रतनपुर थाना क्षेत्र की है।

मुंगेली जिले के ग्राम घुठेली निवासी रूपेश गेंदले मंगला में किराए के मकान में रहता था। वह मैग्नेटो मॉल के पास चाट की दुकान लगाता था। 9 दिसंबर की सुबह वह बाइक से जिम जाने निकला था। अभी वह सर्किट हाउस के पास पहुंचा था। तभी सड़क पर खड़ी कार के चालक ने अचानक गेट खोल दिया।

इससे टकरा कर रूपेश बाइक समेत सड़क पर गिर गया। इस दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक सीधे उसके सीने के ऊपर से निकल गई। हादसे में रूपेश को गंभीर चोट आई। तत्काल लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

**रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर ने मोपेड को मारी टक्कर, वृद्ध की मौत**

रतनपुर के सांधीपारा में रहने वाले शिवकुमार राज किसान हैं। 9 दिसंबर की सुबह वह अपने चाचा लोचन सिंह गोंड (70) को लेकर धान की फसल की कटाई कराने खेत जा रहा था। मोपेड शिव के चाचा चला रहे थे। दोनों ओछिनपारा ओवरब्रिज के पास पहुंचे थे।

तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार रेत लोड ट्रैक्टर के चालक ने मोपेड को टक्कर मार दी। हादसे में लोचन सिंह और शिवकुमार को गंभीर चोटें आई। लोगों ने हादसे की सूचना शिवकुमार के बेटे रामनरेश को दी। वह तत्काल मौके पर पहुंचा। दोनों को अस्पताल ले गए।

लेकिन जांच के बाद डॉक्टर ने लोचन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, शिव को भर्ती कर उपचार शुरू किया। मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## अनमोल वचन......

अपने जीवन को एक विस्मयादिबोधक के रूप में जियें, न कि एक स्पष्टीकरण के रूप में।

# किराएदार के अधिकारों का संरक्षण

यह सोच अपने-आप में सही जगह पर है कि मकान किराए पर लगाने का कारोबार औपचारिक दायरे में आए और जहां अपने मकान की सुरक्षा को लेकर मालिक आश्वस्त हों, वहीं किराएदार के अधिकारों का भी संरक्षण हो। भारत सरकार का कहना है कि मकान किराया संबंधी नए नियमों में उसने मकान मालिक और किरायेदार दोनों के हितों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है। इसके तहत पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। चूंकि अब मकान किराए पर देने से संबंधित दस्तावेज का 60 दिन के अंदर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा, इसलिए समझा जा सकता है कि नए नियमों का मकसद टैक्स वसूली को सुनिश्चित करना भी है। बहरहाल, यह सोच अपने-आप में सही जगह पर है कि मकान किराए पर लगाने का कारोबार औपचारिक दायरे में आए और जहां अपने मकान की सुरक्षा को लेकर मालिक आश्वस्त हों, वहीं किराएदार के अधिकारों का भी संरक्षण हो। तो प्रावधान किया गया है कि मकान मालिक मनमाने तरीके से किराया नहीं बढ़ा पाएंगे, सुरक्षा जमा (डिपॉज़िट) की सीमा तय कर दी गई है और किराया वृद्धि को भी नियमित किया गया है। आवासीय मकसद के लिए किराए पर लगाए गए मकान के मालिक अब दो महीने से अधिक का डिपॉज़िट नहीं ले सकेंगे। खासकर बड़े शहरों में चलन छह महीने या सालभर का एडवांस किराया लेने का रहा है। साथ ही मकान मालिक अब अचानक किराया नहीं बढ़ा पाएंगे। इसके लिए उन्हें पहले से नोटिस देना होगा। इसी तरह मकान मालिक अब किसी किरायेदार को अचानक घर खाली करने के लिए मजबूर नहीं कर सकेंगे। इसके लिए निश्चित नोटिस पीरियड और कानूनी प्रक्रिया का पालन करना होगा।

किराएदार किसी मरम्मत के लिए शिकायत करता है, तो मकान मालिक को ऐसा 30 दिन के अंदर कराना होगा। वरना, किराएदार को अधिकार होगा कि वह खुद मरम्मत करवा कर आए खर्च को किराए में एडजस्ट कर ले। उधर चूंकि किराएदारी के हर समझौते का डिजिटल स्टांप करवा कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा, तो उससे मकान मालिकों को सुरक्षा मिलेगी। यह भी तय किया गया है कि संबंधित ट्रिब्यूनल को सभी विवादों का निपटारा 60 दिन के अंदर करना होगा। ये अच्छी पहल है। मगर, यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जैसी प्रक्रियाएं उलझाऊ ना हों तथा इसे कराने की सारी जहमत किराएदारों को ही ना उठानी पड़े।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन एक सुनहरा पल लेकर आएगा। आपके व्यापार में इजाफा होगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा। किसी मित्र से सहयोग मिलने से बेकरी का बिजनेस करने वालों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी, जिससे अधिक लाभ मिलेगा। आज आप शुभ काम की शुरुआत करेंगे। छात्रों को अच्छे रिजल्ट के लिए अपनी मेहनत को जारी रखने की जरूरत है।

**वृष राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। सामाजिक कार्यों की अपेक्षा अपनी व्यक्तिगत कार्य पर अधिक ध्यान दें क्योंकि आज लिया गया निर्णय निकट भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होने वाला है।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। अनुभवी व्यक्ति आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज अपने व्यवहार को सहज बनाकर रखें।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप नये वाहन की खरीदारी करेंगे। किसी नयी जगह पर आज घूमने जाएंगे जिससे नये जीवन का एक नया पाठ सीखेंगे। किसी जरूरतमंद की आज आप मदद करेंगे, जिससे आपको आशीर्वाद मिलेगा। घरवालों के साथ पार्टी का विचार बनायेंगे, जिससे ख़ुशी बढ़ेगी। किसी नए काम का नया अनुभव मिलेगा।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज छात्रों को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। रिश्तों की गरिमा बनाकर रखने से परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। आज उपहारों का आदान- प्रदान करना रिश्ते में मधुरता लाएगा। मानसिक सुकून और शांति की चाह में एकांत स्थल पर कुछ समय अवश्य बिताएं।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। आज आप भविष्य को लेकर किसी अनुभवी से विचार विमर्श करेंगे। आज ऑफिस में ज्यादा कार्यभार रहेगा। आज सरकारी सेवारत लोगों को ऑफिस संबंधी किसी बदलाव की सूचना मिल सकती हैं।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी बनी रहेगी। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज गुस्से की बजाय धैर्य से परिस्थितियों को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**धनु राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी काम के प्रति लगन और निष्ठा बढ़ेगी जिससे आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक जीवन में सुख शांति बढ़ेगी और मन प्रसन्न रहेगा। रुकी हुई योजनाएं फिर से चालू हो जायेंगी।

**मकर राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप रुके कार्यों को आज पूरा करने में व्यस्त रहेंगे, आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मिलकर अच्छा लगेगा। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। बेवजह की उलझन दूर होगी और पेट संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आपका दांपत्य जीवन खुशनुमा रहेगा, आप किसी धार्मिक स्थान पर घूमने का मन बनायेंगे।

**कुंभ राशि :** आज का दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की संभावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लायेगा। आँखों की समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे, जिससे आपको कुछ अच्छा फील होगा। पूरी मेहनत से काम को करेंगे जिससे उसका परिणाम आपके पक्ष में आएगा।

# मैकाले की विरासत का अभिनंदन

//हरिशंकर व्यास//

**मैकाले को बेचारा माने या महान। इसलिए क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने कोसा है। कहा है कि मैकाले भारतीयों की 'गुलामी की मानसिकता' का ज़िम्मेदार है। पर फिर अगले दिन उन्होंने मैकाले की विरासत का अभिनंदन किया। मत्था टेका। पेचीदा मसला है। सोचें, भारत की आज बनावट और बुनावट क्या है। नरेंद्र मोदी यदि बतौर प्रधानमंत्री सत्ता भोग रहे हैं, तो किसके कारण। इसके लिए वे संविधान को पूजते हैं। और इस संविधान की बनावट-बुनावट क्या है। मोटामोटी अंग्रेज़ मैकाले का सपना। मैकाले, बर्क, जेम्स मिल, लॉर्ड कर्ज़न यानी मालिक अंग्रेज़ों के क़ानूनों, इस्पाती खांचे-ढांचे की शासन-पद्धति का एक कलमबद्ध ग्रंथ! पर क्या इस सत्य का भान हम भारतीयों को है। लगभग नहीं। यही मैकाले-अंग्रेज़ों की महान उपलब्धि है। वे एक ऐसी क़ौम, एक ऐसा देश रच गए जिन्हें इतना भी अहसास नहीं कि स्वतंत्र भारत की बनावट का आधार ही गुलामी की अंग्रेज़ व्यवस्था है।**

यही मैकाले, लॉर्ड कर्ज़न या ब्रिटिश संसद से ठप्पा लगे हुए भारत सरकार अधिनियम 1935 को लागू करवाने वाले गवर्नर-जनरल लॉर्ड विलिंग्डन की महानता का प्रमाण है। ये भारतीयों को इतना अज्ञान में डुबो गए कि उन्हीं की विरासत वाला शासन और उसका संविधान आज भी यथावत है पर उसे प्रधानमंत्री मोदी पूजते हैं और अपने को विश्वगुरु भी कहते हैं!

मैकाले की शिक्षा नीति से निश्चित ही एक सीमा तक (आखिर उससे पहले भी सदियों से गुलाम थे) भारतीयों में गुलामी की मानसिकता बनी। पर उसका आज़ादी के बाद और पुख्ता होना तो स्वतंत्र भारत के शासन-सत्ता तंत्र से ही है। इस तंत्र के राजाधिराज पिछले ग्यारह वर्षों से प्रधानमंत्री मोदी स्वयं हैं। और वे संविधान की महिमा का बखान करते हुए नागरिकों से क्या आह्वान करते हैं। यह कि संविधान में बताए कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से निभाना चाहिए। और क्या हैं ये कर्तव्य? मतलब–सरकार को माईबाप मानो। सत्ता की शान में कोई गुस्ताख़ी नहीं।

पता है, नागरिकों को कर्तव्यों में बाँधने और सरकार को मनमानी करने की सुविधा देने वाला संविधान प्रावधान कब बना था। जब इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया हुआ था। कर्तव्य की बात 1950 के मूल संविधान में नहीं थी। इन्हें सोवियत संविधान से प्रेरित होकर इंदिरा गांधी ने आपातकाल के समय मौलिक कर्तव्य के नाम से 42वें संशोधन (1976) में संविधान में डलवाया था।

पर इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी का फर्क है। उन्होंने या उनके आगे-पीछे के किसी प्रधानमंत्री ने सत्तावान बनने के बाद संविधान की वह पूजा-अर्चना नहीं की, जैसी नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद से लगातार करते हैं। जबकि हिसाब से संघ परिवार और भारतीय संस्कृति के विचारकों ने संविधान को लेकर संविधान सभा की बहस में यह कहा हुआ है कि यह मानो अंग्रेज़ शासन की रचना है। संविधान सभा में डॉ. रघुवीर से लेकर के.एम. मुंशी, के.टी. शाह, एच.वी. कामथ, संपूर्णानंद, रविशंकर शुक्ला आदि कई कांग्रेसी, वामपंथी, राष्ट्रवादी नेताओं ने संविधान के भारतीयकरण यानी देशज बनाने के ढेरों तर्क दिए और भाषण किए। डॉ. रघुवीर ने भारत की सभ्यतागत राष्ट्र (हिंदू राष्ट्र नहीं) की रचना के लिए सांस्कृतिक तत्वों–ऋत, सत्य, धर्म-जन्य कर्तव्य, राष्ट्रीय भाषा–जैसे सूत्रों को संविधान में समाहित करने की आवश्यकता बताई। उनका आग्रह था कि भारत का संविधान केवल क़ानून का दस्तावेज़ न हो बल्कि यह भारतीय सभ्यता का भाव-दस्तावेज़ भी हो। पर उन्हें नहीं सुना गया। तभी उन्होंने अंत में कहा–यह संविधान भारतीय नहीं लगता; यह भारत की धरती में उगा हुआ वटवृक्ष नहीं, बल्कि विदेशी पौधा है।

डॉ. रघुवीर से भी अधिक मुखर के.एम. मुंशी, एच.वी. कामथ, के.टी. शाह थे। के.टी. शाह विचारों में वामपंथी थे, लेकिन उनका भारतीय संस्कृति की विशिष्टता के आग्रह के साथ तर्क था कि संविधान में यह चिन्हित होना चाहिए कि भारतीय राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत क्या है। इसी तरह नंदलाल बसु, रविशंकर शुक्ला, संपूर्णानंद, लक्ष्मीकांत माने, अनंतराय चौधरी आदि ने देशज शिक्षा, भाषा, नैतिक मूल्यों के सूत्र संविधान में डालने की माँग की।लेकिन मैकाले का स्टील फ्रेमवर्क, आई.सी.एस. नौकरशाही, प्रभुवर्ग और पंडित नेहरू ने किसी की नहीं सुनी। मानने वाले मानते हैं कि डॉ. आंबेडकर ने संविधान लिखा। असलियत में अंग्रेज़ संविधान का खाका बना गए थे। सो मैकाले की संतानों ने जैसा चाहा वैसा ही औपनिवेशिक ढांचे को लगभग अपनाते हुए संविधान रचा। उसे लिखना भी क्या था–गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट 1935 की सरचनात्मक निरंतरता पर ठप्पा था। इस वास्तविकता का डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में मज़ाक-आलोचना के अंदाज़ में भी आभास कराया। उन्होंने कहा था कि संविधान में गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट 1935 के तीन-चौथाई हिस्से उठा लिए गए हैं–तो आयरिश संविधान से भी हिस्से लिए गए! ऐसा क्यों हुआ। इसलिए क्योंकि नेहरू और उनकी ओर से संविधान मसौदा प्रारूप बनाने वाले आई.सी.एस. अफ़सर बी.एन. राउ–मैकाले की शिक्षा से पोषित स्टील-फ्रेम की अफ़सर जमात–पूरी तरह लॉर्ड कर्ज़न के फ़लसफ़े की मुरीद थी। और लॉर्ड कर्ज़न का क्या सूत्र था। लॉर्ड कर्ज़न ने बंगाल के टुकड़े करने के अलावा प्रशासन को यह सूत्र भी दिया था कि भारत को केन्द्र से ही चलाया जाना चाहिए, एक मज़बूत हाथ से, और प्रशासनिक एकता की पूर्ण पकड़ के साथ।

इसी सूत्र से गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट 1935 का वह फ्रेमवर्क बना था जिसे संविधान सभा ने अपनाया। ऐसा नेहरू के ठप्पे याकि 'आईडिया ऑफ़ इंडिया' के इलाहामों से भी था। उनके सपनों को शक्ल1909 में आई.सी.एस. बने कोंकणी ब्राह्मण बेनेगल नरसिंह राउ ने दी। जबकि वे संविधान सभा के सदस्य नहीं थे, मगर नेहरू के पसंदीदा थे। ध्यान रहे कि राउ गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट 1935 की ड्राफ्टिंग के समय में भी सैमुअल होरे के सहायक अफ़सर थे। उनकी सेवाओं के लिए ब्रिटिश महारानी ने उन्हे नाइटहुड से सम्मानीत किया था।

एक और तथ्य। 1935 के एक्ट के लागू होने के बाद भारत में प्रांतीय और केंद्रीय असेंबलियों के चुनाव शुरू हो गए थे। चुनाव से चुनी सरकारों के प्रमुख तब 'प्रांतीय मंत्री'–'सरकारी मंत्री' कहलाते थे। लॉर्ड माउंटबेटन ने उसी क्रम के अंग्रेज़ क़ानून–भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947–के तहत स्वतंत्रता से पहले नेहरू को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई थी।

इसलिए यह न सोचें कि संविधान से चुनाव होना और निर्वाचित प्रतिनिधियों व भारतीयों को सत्ता मिलना प्रारंभ हुआ। अंग्रेज़ इस सबका बीजारोपण कर गए थे। सो मैकाले को यदि भारतीयों की मानसिक गुलामी का जनक मानें तो 1905 में लॉर्ड कर्ज़न, 1935 में गवर्नर-जनरल लॉर्ड विलिंग्डन, 1946 में लॉर्ड माउंटबेटन, 1950 में जवाहरलाल नेहरू और 2025 में नरेंद्र मोदी का सिलसिला वही है जो स्टील फ्रेम शासन की विरासत है। इसका मूल मंत्र लॉर्ड कर्ज़न का यह वाक्य था कि भारतीयों पर शासन केंद्रीकरण, आदेशात्मक नियंत्रण और राज्य-नागरिक दूरी की व्यवस्थाओं से होना चाहिए।

इसलिए अंग्रेज़ की व्यवस्था से ही भारत की चाल-ढाल है और भारत का संविधान है। केंद्रीकरण, आदेशात्मक नियंत्रण, और राज्य-नागरिक दूरी की व्याख्या का मामला बहुत बड़ा है, बहुत लिखना होगा। सो फिलहाल इतना ही सोचें कि दिल्ली में 1947 से पहले लाटसाहेब उर्फ़ लॉर्ड माउंटबेटन और उनके तंत्र की बनावट क्या थी? कार्यपालिका के अधिकार नागरिक अधिकारों से बेइंतहा अधिक। आई.सी.एस.-आई.ए.एस. की स्टील फ्रेम में अफ़सर का न बाल-बाका और वह केंद्र नियंत्रित सर्वाधिक सुरक्षित नौकरी लिए। किसी तरह की कोई सीधी जवाबदेही नहीं। वही नागरिकों को अधिकार प्राप्त है मगर पाबंदियों, यानी उचित प्रतिबंधके अधीन।

साथ ही संघीय ढांचा भी लॉर्ड कर्ज़न की सोच अनुसार बना हुआ है। मतलब संविधान ने सबकुछ सरकार यानी कार्यपालिका यानी स्टेट-सेंट्रिक बनवा दिया है। नतीजतन अफ़सरों का धर्म नागरिक के अधिकारों की चिंता नहीं, वेयक्तिक नागरिक स्वतंत्रता नहीं बल्कि प्रजा को नियंत्रित करना है। जनता पर शासन करना है; उससे जनता अनुमति लेगी, उससे फरियाद करेगी। वह स्वतंत्र नहीं नियंत्रित प्रजा है जिसे राज्य अनुमति देगा, नौकरशाही आदेश देगी और पुलिस-थाने उसे लागू कराएंगे या तलब करेंगे।यही तो अंग्रेज़ों का–मैकाले, कर्ज़न का–औपनिवेशिक राज का मॉडल था। तभी उन दिनों भारत का गवर्नर-जनरल ब्रिटेन में मुफ़स्सिल नेता की तरह होता था लेकिन भारत में वह लाटसाहेब–भगवान। और जिसके कारिंदे कलेक्टर, थानेदार प्रजा में भय बनाए रहते थे। प्रजा पर ऊपर से आदेश आते थे। 'लाइसेंस-परमिट-इंस्पेक्टर राज' था, और लोग यानी नागरिक महज़ दरख़्वास्तकर्ता। सोचें–नेहरू राज से लेकर नरेंद्र मोदी के राज तक के निरंतर अनुभवों पर। क्या संविधान ने भारतीयों को औपनिवेशिक राज के मॉडल से अलग कोई अनुभव कराया है। किसी भी प्रधानमंत्री ने 'स्टेट बनाम सिटिजन' की औपनिवेशिक संरचना नहीं बदली। इसलिए कि संविधान ऐसा कहता नहीं। तभी नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी दोनों समान भावसंविधान के प्रति आस्था वैसे ही दर्शाते हैं जैसे धर्मग्रंथ के प्रति। आकिर नेहरू-गांधी परिवार हो या संघ परिवार सभी के लिए संविधान वह साधन है जिससे अंग्रेज़ लाटसाहेबों जैसी सत्ता एकछत्रता जो बनती है।इसलिए मैकाले या कर्ज़न या अंग्रेज़ों को दोषी ठहराना व्यर्थ है तो नरेंद्र मोदी को भी ठहरना व्यर्थ है। सदियों से गुलामी के भोक्ता हम भला कैसे स्वतंत्रता के पंख लिए उड़ सकते है।

# डीजीसीए और इंडिगो की मनमानी का नतीजा

//अजीत द्विवेदी//

**भारत में अब किसी भी घटनाक्रम की, चाहे वह एक बड़े संकट के रूप में क्यों न प्रकट हुआ है, तर्कसंगत या तथ्यात्मक व्याख्या नहीं होती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि देश राजनीतिक रूप से इतना विभाजित इतिहास में कभी नहीं रहा है। पूरा देश मोदी समर्थन या मोदी विरोध में बंटा हुआ है। तभी हर घटनाक्रम की व्याख्या इसी बाइनरी में होती है। मोदी विरोधी हर घटनाक्रम को एक निर्धारित दिशा में ले जाने का प्रयास करते हैं। उनकी सारी व्याख्या एक ऐसे आइडियोलॉजिकल कंस्ट्रक्ट पर आधारित होती है, जो राहुल गांधी या कांग्रेस के इकोसिस्टम द्वारा रची गई है। इंडिगो संकट की व्याख्या भी उसी संरचनावादी सिद्धांत के आधार पर हो रही है।**

अच्छे खासे पढ़े लिखे समझदार लोग बता रहे हैं कि 27 नवंबर को अडानी समूह ने फ्लाइट सिमुलेशन टेक्नीक सेंटर यानी एफएसटीसी का अधिग्रहण किया है। यह देश की सबसे बड़ा पायलट ट्रेनिंग संस्था है। अडानी समूह ने 820 करोड़ रुपए में इस कंपनी में 72 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है। इस सौदे को इंडिगो संकट से जोड़ा जा रहा है। यह निष्कर्ष निकाला जा रहा है कि अब देश में जल्दी ही 20 हजार से ज्यादा पायलटों की जरुरत होने वाली है और उसकी आपूर्ति अडानी के मालिकाना वाले एफएसटीसी से होगी। सवाल है कि क्या 20 हजार पायलट की जरुरत होगी और अडानी ने पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का अधिग्रहण किया है इसलिए इंडिगो का इतना बड़ा संकट खड़ा कराया गया है ताकि पायलट की कमी पर फोकस बने और अडानी को पचास, सौ करोड़ रुपए की कमाई हो जाए। यह बहुत बेकार का तर्क है। इंडिगो संकट की वैचारिक खांचे से व्याख्या करने वाले इस समूह का दूसरा निष्कर्ष यह है कि इंडिगो का संचालन करने वाली इंटरग्लोब ने 36 करोड़ रुपए के और उसके प्रमोटर राहुल भाटिया ने 20 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बॉन्ड्स खरीदे, जिनमें से ज्यादातर बॉन्ड भाजपा को दिए गए। तो क्या इस रुपए के बदले में भाजपा की केंद्र सरकार ने इंडिगो को इतना बड़ा संकट खड़ा करने की इजाजत दी। यह निष्कर्ष पूरी तरह से गलत नहीं है तब भी अधूरा है। हो सकता है कि चंदे के लिहाज में सख्त कार्रवाई नहीं हुई हो लेकिन संकट इस वजह से खड़ा नहीं हुआ। असल में इंडिगो का संकट नागरिक विमानन मंत्रालय व नागरिक विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए और व्यापक रूप से केंद्र सरकार के निकम्मेपन और एकाधिकारवादी निजी कंपनी इंडिगो की मनमानी का नतीजा है। अगर मौजूदा संकट की बात करें तो सरकार का निकम्मापन यह है कि उसने मार्च 2024 में एक नियम बनाया और उसे लागू करने के लिए एक जुलाई 2025 और एक दिसंबर 2025 की डेडलाइन तय की और इतना समय देने के बाद भी इसे ठीक तरीके से लागू नहीं करा पाई। सवाल है कि क्या डीजीसीए को पता नहीं है कि देश के विमानन सेक्टर में करीब 65 फीसदी का हिस्सा रखने वाली और हर दिन 23 सौ उड़ानें संचालित करने वाली इंडिगो के पास पर्याप्त संख्या में पायलट नहीं हैं। निश्चित रूप से डीजीसीए को इसकी पूरी जानकारी थी क्योंकि उसके पास इस बात का पूरा आंकड़ा है कि देश में पायलट ट्रेनिंग के कितने इंस्टीट्यूट्स को मान्यता दी गई है, उनमें से प्रशिक्षित होकर कितने पायलट्स निकल रहे हैं और कितने लोगों को इंडिगो में नौकरी मिल रही है।उसे यह भी पता है इंडिगो के पास कितने जहाज हैं, कितनी उड़ानें हैं और कितने पायलट्स हैं। फिर भी उसने फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस यानी एफडीटीएल नियम लागू किया तो इसका रत्ती भर प्रयास नहीं किया कि सबसे बड़ी विमानन कंपनी इसे लागू करने की तैयारी शुरू करे। इसी साल अक्टूबर में डीजीसीए ने पर्याप्त पायलट ट्रेनिंग नहीं होने के लिए इंडिगो के ऊपर जुर्माना लगाया था। जाहिर है उसको पता है कि एफडीटीएल नियम को लागू करने के लिए इंडिगो ने कोई तैयारी नहीं की है। फिर भी उसने इंडिगो को तैयारी के लिए बाध्य नहीं किया और न समय रहते समय सीमा बढ़ाने का फैसला किया।

यही पर इंडिगो की मनमानी की बात आती है। डीजीसीए ने तमाम संबंधित पक्षों यानी विमानन कंपनियों से सलाह मशविरा करके एफडीटीएल नियम तैयार किया और लागू करने की तारीख तय की। बाकी कंपनियां, जिनके पास कम जहाज हैं उन्होंने पर्याप्त संख्या में पायलट नियुक्त किए। तभी एक दिसंबर को एफडीटीएल नियम लागू होने का असर उनकी सेवाओं पर नहीं पड़ा। आखिर एयर इंडिया की भी हर दिन एक हजार से ज्यादा उड़ानें होती हैं। लेकिन वहां पायलट और चालक दल की कमी से उड़ानें रद्द नहीं हुईं। जाहिर है इंडिगो ने सबसे बड़ी कंपनी होने और भारत के आकाश पर एकाधिकार होने के अहंकार में न तो पायलट भर्ती की और न चालक दल के अन्य सदस्यों की पर्याप्त संख्या में नियुक्ति की।

उसको विश्वास था कि वह बांह मरोड़ कर सरकार से मनमाफिक फैसला करा लेगी। उसने वही किया। उसने नए नियम लागू करने की बजाय उड़ानें रद्द करनी शुरू कर दी। उसने पांच दिसंबर को डेढ़ हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द की थीं, जिसके बाद सरकार पीछे हटी। उसको पता था कि यात्री परेशान होंगे तो सरकार पीछे हटेगी। सो, उसने लाखों यात्रियों को जान बूझकर परेशान किया और सरकार को झुकाया।

यह बहुत खतरनाक प्रवृत्ति का इशारा है और सिर्फ एक सेक्टर का संकट नहीं है। जिस तरह समय के साथ विमानन सेक्टर में एक कंपनी का एकाधिकार बना है वैसे ही ऊर्जा से लेकर संचार और सीमेंट, हवाईअड्डा व बंदरगाहों से लेकर खाने पीने की चीजों तक चुनिंदा कंपनियों का एकाधिकार बना है। एकाधिकारवादी अर्थव्यवस्था बनाने में सीधे तौर पर सरकार का हाथ है तो उन एजेंसियों का भी हाथ है, जिनकी जिम्मेदारी इन बातों पर निगरानी करने की है। सोचें, भारत में एक प्रतिस्पर्धा आयोग भी है, लेकिन हर जगह प्रतिस्पर्धा समाप्त होती जा रही है या की जा रही है और यह आयोग कुछ नहीं करता है। इसके बरक्स अमेरिका के एंटी ट्रस्ट कानून और उसे लागू कराने वाली एजेंसी को देखें तो फर्क साफ नजर आएगा। वहां नेटफ्लिक्स ने वार्नर ब्रदर्स को खरीदा है तो एंटी ट्रस्ट कानून के तहत उसकी समीक्षा हो रही है। लेकिन भारत में ऐसी कोई पहल नहीं होती है।अगर सिर्फ विमानन सेक्टर को देखें तो 2012 में किंगफिशर एयरलाइंस बंद हो गई। उसके बाद 2018 में जेट एयरवेज दिवालिया हो गई और पांच साल बाद 2023 में गो एयर बंद हो गई। और इसी बीच भारत सरकार ने अपनी कंपनी औने पौने दाम में टाटा समूह को बेच दी। उससे पहले सहारा एयरलाइंस, डेक्कन और एमडीएलआर जैसी कई विमानन कंपनियां बंद हुई थीं। एक तरफ विमानन कंपनियां धड़ाधड़ बंद हो रही थीं और दूसरी ओर सरकार उड़ान योजना के तहत छोटे शहरों में हवाईअड्डे बनाने या बड़े हवाईअड्डों के निर्माण और कनेक्टिविटी की घोषणा करने में लगी थी। आखिर सरकार ने सोचा क्यों नहीं कि 10 साल बाद विमानन का परिदृश्य कैसा होगा। कितने विमानों, कितने पायलटों, चालक दल के सदस्यों, हवाईअड्डों आदि की जरुरत होगी। विमानन मंत्रालय और डीजीसीए ने इस बारे विचार ही नहीं किया।

## तस्वीरों की दुनिया



विदेश मंत्री एस. जयशंकर नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान टेमासेक होल्डिंग्स के चेयरमैन टीओ ची हेन (बाएं) के साथ।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में रास मेला ग्राउंड में एक पब्लिक मीटिंग को संबोधित किया।



नई दिल्ली में संसद के विंटर सेशन के दौरान टीएमसी नेताओं ने बंकिम चंद्र चटर्जी और रवींद्रनाथ टैगोर की तस्वीरें लेकर सरकार के खिलाफ साइलेंट प्रोटेस्ट किया।



नई दिल्ली के लाल किले में संस्कृति मंत्रालय की बनाई नई गैलरी में ब्रिटिश ज़माने के बैरक के सामने एयर इंडिया प्लेन का एक पुराना मॉडल दिखाया गया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में संसद परिसर में एनडीए पार्लियामेंट्री पार्टी की मीटिंग के लिए पहुंचे।



ागपुर में महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र में किसानों के लिए पूरी कर्ज माफी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान शिवसेना (यूबीटी) एमएलए आदित्य ठाकरे (बीच में), कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार (दाएं) और महा विकास अघाड़ी के दूसरे नेता।



दिल्ली ब्लास्ट केस से जुड़ी चल रही जांच के तहत जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में हुतमुराह जंगल इलाके में सुरक्षाकर्मी तलाशी ले रहे हैं।

# वैश्विक स्तर पर सौर तूफान अध्ययन में भारत के आदित्य-एल1 ने की मदद, इसरो ने कही ये बात




**बेंगलुरू, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल1 ने सौर तूफान को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे विज्ञानियों को यह समझने में मदद मिली कि मई 2024 में आए सौर तूफान से पृथ्वी पर इतनी असामान्य घटनाएं क्यों हुई थीं। यह पिछले दो दशक का सबसे शक्तिशाली सौर तूफान है। यह भारत की वैश्विक अंतरिक्ष विज्ञान में बढ़ती नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। आदित्य एल1 को सितंबर 2023 में लांच किया गया था। आदित्य-एल1 की मदद से भारत अब शक्तिशाली सौर तूफानों को समझने और उनकी भविष्यवाणी करने के लिए बेहतर ढंग से तैयार है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) नेमंगलवार को कहा कि आदित्य-एल1 ने नासा के विंड सहित छह अमेरिकी उपग्रहों के साथ मिलकर काम किया और चुंबकीय क्षेत्र को सटीकता से मापा।इससे शोधकर्ताओं को अंतरिक्ष में कई सुविधाजनक प्वाइंट या जगहों से एक साथ इस दुर्लभ घटना का अध्ययन करने में मदद की। इसरो के मुताबिक 2024 में आए सौर तूफान को गैनन तूफान के नाम से जाना जाता है। उसने पृथ्वी के पर्यावरण को गंभीर रूप से प्रभावित किया।सूर्य पर विशाल विस्फोटों की श्रृंखला जिन्हें कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) कहा जाता है के कारण यह तूफान आया था। सीएमई सूर्य से अंतरिक्ष की ओर उठने वाले गर्म गैस और चुंबकीय ऊर्जा के विशाल बुलबुले होते हैं। जब ये पृथ्वी से टकराते हैं तो हमारे उपग्रहों, संचार प्रणालियों, जीपीएस और यहां तक कि बिजली ग्रिड के लिए गंभीर समस्या पैदा कर सकते हैं।

भारतीय विज्ञानियों की टीम ने इस संबंध में एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स नामक पत्रिका में अहम शोध पत्र प्रकाशित किया है।मई 2024 के सौर तूफान के दौरान, विज्ञानियों ने पाया कि सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र, जो सौर तूफान के अंदर मुड़ी हुई रस्सियों की तरह होते हैं, तूफान के भीतर टूट रहे थे और फिर से जुड़ रहे थे। आमतौर पर सीएमई मुड़ी हुई चुंबकीय रस्सी की तरह होते है जो पृथ्वी के निकट आते ही धरती के चुंबकीय ढाल के साथ संपर्क बनाती है। लेकिन इस बार, दो सीएमई अंतरिक्ष में टकराई और एक दूसरे को इतनी मजबूती से दबाया कि उनमें से एक के अंदर की चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं टूट गईं और नए तरीके से फिर से जुड़ गईं। इस प्रक्रिया को चुंबकीय पुनर्संयोजन कहा जाता है। चुंबकीय क्षेत्र के इस अचानक बदलाव ने तूफान के प्रभाव को अपेक्षा से कहीं अधिक शक्तिशाली बना दिया।इसरो ने कहा, पहली बार, शोधकर्ता अंतरिक्ष में कई सुविधाजनक बिंदुओं से एक ही चरम सौर तूफान का अध्ययन कर पाए। भारत के आदित्य-एल1 मिशन से प्राप्त सटीक चुंबकीय क्षेत्र मापों की बदौलत, वैज्ञानिक इस क्षेत्र का मानचित्रण करने में सक्षम हुए। इसरो के मुताबिक अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि वह क्षेत्र जहां सीएमई का चुंबकीय क्षेत्र टूट रहा था और फिर से जुड़ रहा था, वह विशाल था। यह खगोलीय घटना लगभग 13 लाख किमी क्षेत्र में यानी पृथ्वी के आकार के लगभग 100 गुना क्षेत्र में हो रही थी।

## गुरुग्राम में अवैध कॉलोनियों पर DTPE का बुलडोजर एक्शन, केएमपी एक्सप्रेसवे के पास चलाया तोड़फोड़ अभियान

**नया गुरुग्राम 10 दिसम्बर।** टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग (डीटीपीई) की एनफोर्समेंट टीम ने पुलिस बल की सहायता से मंगलवार को फरुखनगर क्षेत्र में अवैध कालोनियों के विरुद्ध तोड़फोड़ अभियान चलाया। यह कार्रवाई गांव सुल्तानपुर और खेटावास के राजस्व क्षेत्र में केएमपी एक्सप्रेसवे से सटे इलाके में की गई। अभियान के दौरान करीब छह एकड़ में विकसित एक अवैध कालोनी को ध्वस्त किया गया, जहां चार डीपीसी, चारदीवारी और पूरी कच्ची सड़क नेटवर्क को तोड़ा गया। इसके अलावा लगभग 2.25 एकड़ में फैली दूसरी अवैध कालोनी में एक डीलर कार्यालय, चारदीवारी और संपूर्ण कच्ची सड़क नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। सीएम विंडो के माध्यम से प्राप्त एक शिकायत पर भी कार्रवाई की गई। ग्रुप हाउसिंग वेम्बली एस्टेट सेक्टर-50 में अवैध रूप से निर्मित एक दुकान को पुलिस बल की सहायता से ध्वस्त किया गया। डीटीपीई अमित मधोलिया ने स्पष्ट किया कि अवैध कालोनियों और निर्माण के विरुद्ध विभाग का अभियान आगे भी जारी रहेगा। विभाग ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की जमीन खरीदने या निर्माण से पहले उसकी वैधता की पूरी जांच कर लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

## मुकदमेबाजी को कम करने का विचार है, बढ़ावा देने का नहीं

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को किया खारिज

**नईदिल्ली, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सुप्रीमकोर्ट ने कहा कि किसी मामले को हाईकोर्ट द्वारा नए सिरे से विचार के लिए अनावश्यक रूप से वापस भेजने से बचना चाहिए क्योंकि इससे मुकदमेबाजी का एक नया दौर शुरू हो जाता है। जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने कहा कि विचार मुकदमेबाजी को कम करने का है, न कि उसे बढ़ाने का।पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें एक मामले को सभी संबंधित पक्षों को सुनने के बाद नए सिरे से विचार के लिए वापस भेज दिया गया था। यह मामला प्राधिकारियों द्वारा भूखंड के नक्शे में सुधार के लिए एक व्यक्ति के आवेदन को खारिज करने से संबंधित था।अपील पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहाकि अदालत ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा 30, जो नक्शे और फील्ड बुक के रखरखाव से संबंधित है, की गलत व्याख्या और आधार लिया है। पीठ ने कहा कि इससे अनावश्यक रूप से और मुकदमेबाजी बढ़ सकती थी। पीठ ने कहा, हम यह भी कहना चाहेंगे कि इस अदालत का पहले का मत यह था कि यदि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन होता है, तो संबंधित पक्ष को सुनवाई का अवसर देने के लिए मामले को वापस भेज दिया जाना चाहिए। हालांकि, समय बीतने के साथ यह मत बदल गया। विचार मुकदमेबाजी को कम करने का है, न कि उसे बढ़ाने का। हाईकोर्ट द्वारा अनावश्यक रूप से वापस भेजने से मुकदमेबाजी का नया दौर शुरू हो जाता है, जिससे बचना चाहिए। शुरुआत में, एक भूखंड के नक्शे में सुधार के लिए कलेक्टर के समक्ष दायर आवेदन खारिज कर दिया गया था। बाद में, अपर आयुक्त ने भी कलेक्टर के आदेश के खिलाफ अपील खारिज कर दी। लगभग 17 साल बाद नक्शे में सुधारके लिए फिर से एक आवेदन दायर किया गया, लेकिन संबंधित प्राधिकारी ने उसे खारिज कर दिया।इसके बाद मामला हाईकोर्ट में पहुंचा, जिसने सभी संबंधित पक्षों को सुनवाई का उचित अवसर प्रदान करने के बाद मामले को नए सिरे से विचार के लिए वापस भेज दिया।

# भोपाल में फर्जी दस्तावेज़ों से भारतीय पासपोर्ट बनवाने वाले दो संदिग्ध बांग्लादेशी भाई फरार, एफआईआर दर्ज

**भोपाल, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राजधानी भोपाल से फर्जी दस्तावेजों के दम पर भारतीय पहचान और पासपोर्ट हासिल करने का गंभीर मामला सामने आया है। इंटेलिजेंस अलर्ट के बाद पुलिस ने दो संदिग्ध बांग्लादेशी भाइयों के खिलाफ धोखाधड़ी और पासपोर्ट अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। कोलार पुलिस के अनुसार संदिग्ध मोह. रिहान अंसारी और मोह. मकबूल अंसारी, दोनों पिता सफकूल हक अंसारी, ने राजवैद्य कॉलोनी, कोलार रोड पते का उल्लेख कर भारतीय पासपोर्ट बनवाया था। संदेह होने पर इंटेलिजेंस विभाग ने जांच के लिए सहायक पुलिस आयुक्त अंजली रघुवंशी को पत्र भेजा, जिसके बाद पूरी साजिश का




पर्दाफाश हुआ।जांच में सामने आया कि दोनों आरोपितों ने 7 अगस्त 2014 को 11 माह का फर्जी किराया अनुबंध पेश किया था, जिसमें मकान मालिक के रूप में लक्ष्मी ठाकुर का नाम दर्ज था। इसी नकली अनुबंध के आधार पर दोनों ने आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र बनवाए और बाद में इन्हीं दस्तावेजों के सहारे भारतीय पासपोर्ट हासिल कर लिया।जब पुलिस ने मकान मालिक से पूछताछ की तो स्पष्ट हुआ कि दोनों आरोपी कभी भी उस घर में रहे ही नहीं। इसके बाद पुलिस ने धोखाधड़ी और पासपोर्ट अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। एफआईआर दर्ज होने के बाद दोनों संदिग्ध भाई फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी लोकेशन तलाशने में जुटी है और इस काम में साइबर पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की मदद ली जा रही है। फर्जी दस्तावेजों से पासपोर्ट बनवाने का यह मामला सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय बन गया है, क्योंकि इससे अवैध घुसपैठ और राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। कुछ माह पहले इंटेलिजेंस के एक पत्र पर दोनों संदिग्ध संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों की पासपोर्ट की जांच के लिए पत्र आया था।

## पाकिस्तान में बैन होगें इमरान खान और उनकी पार्टी, प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव पास

**लाहौर 10 दिसम्बर।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा ने मंगलवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी को दुश्मन देश का हथियार बताते हुए राजनीति से प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव पारित किया। सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के सांसद ताहिर परवेज द्वारा पेश किए गए इस प्रस्ताव को पीटीआइ सदस्यों के बहिष्कार के बीच पारित कर दिया गया। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब कुछ दिन पहले ही पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने पांच दिसंबर को इमरान खान पर सेना विरोधी बयानबाजी करने और उसे फैलाने के लिए निशाना साधा था। वहीं, रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहनें नोरीन खान, अलीमा खान और उजमा खान ने मंगलवार को जेल के बाहर धरना दिया, क्योंकि अधिकारियों ने उन्हें अपने भाई से मिलने की अनुमति नहीं दी।

# वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ ऐतिहासिक MOU, ग्रेटर नोएडा में बनेगा यूपी का पहला विदेशी विश्वविद्यालय कैंपस

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश में पहला विदेशी यूनिवर्सिटी का कैंपस ग्रेटर नोएडा में बनाने के लिए वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ अपनी पार्टनरशिप पर समझौता किया। नई दिल्ली के होटल में आस्ट्रेलिया सरकार, प्रदेश सरकार के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हस्ताक्षर पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। प्राधिकरण सीईओ एनजी रवि कुमार ने कैंपस के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के लिए प्रमुख डेस्टिनेशन बनाने के योजना है। इसके तहत मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार, उच्च शिक्षा के प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर और वाइस प्रेसिडेंट प्रोफेसर जार्ज विलियम्स, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी की प्रोवोस्ट प्रोफेसर डेबोरा स्वीनी, डेलाइट के डायरेक्टर अरविंद गुप्ता और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव मौ की मौजूदगी में हुए समझौते के तहत प्राधिकरण कार्यालय परिसर में विवि के नए कैंपस को शीघ्र शुरू किया जाएगा।कैंपस में सस्टेनेबिलिटी, जल प्रबंधन, कृषि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिजनेस इनोवेशन में ग्लोबल टीचिंग, रिसर्च और इंडस्ट्री से जुड़े अध्ययन कराया जाएगा। पहले चरण में बिजनेस एनालिटिक्स, मार्केटिंग, डेटा साइंस, सस्टेनेबल वाटर फ्यूचर्स और कृषि क्षेत्र में शिक्षा प्रदान की जाएगी। दूसरे चरण में इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप और सप्लाई चेन मैनेजमेंट का पाठ्यक्रम शुरू होगा। अवनीश अवस्थी ने कहा कि उत्तर प्रदेश एजुकेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों में तेजी से आगे बढ़ रहा है, इस तरह की पार्टनरशिप उस भरोसे को दिखाती है। दुनिया अब हमारे राज्य के डेवलपमेंट एजेंडा में रखती है। नए कैंपस से युवाओं, खासकर लड़कियों के लिए मौकों उच्च शिक्षा का मौका मिलेगा।

## ढाबे की आड़ में देह व्यापार का धंधा चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, महिला मैनेजर समेत पांच गिरफ्तार



**कपूरथला, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सुभानपुर में ढाबे की आड़ में देह व्यापार का धंधा चलाने वाले गिरोह का थाना सुभानपुर की पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। छापेमारी दौरान पुलिस ने दो महिलाओं व दो पुरुष को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा है। जिनके पास से दो डिब्बी कंडोम भी बरामद हुए हैं।थाना सुभानपुर की पुलिस ने ढाबा मालिक पूर्व सरपंच, उसके पार्टनर, महिला मैनेजर समेत सात लोगों के खिलाफ इममोरल एक्ट् के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मौके से महिला मैनेजर समेत तीन महिलाओं व दो पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि ढाबा मालिक पूर्व सरपंच व उसके पार्टनर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।थाना सुभानपुर के एसएचओ इंस्पेक्टर बिक्रमजीत सिंह ने बताया कि वह पुलिस पार्टी सुभानपुर से गांव ताजपुर, मुद्दोवाल, लखन के पड्डे आदि के पास गश्त कर रही थी। जब पुलिस पार्टी गांव मुस्तफाबाद पहुंची तो मुखबिर ने सूचना दी कि परमजीत सिंह पूर्व सरपंच बामूवाल अपने पार्टनर मेजर सिंह के साथ मिलकर इस रोड पर सरपंच ढाबा नाम से ढाबा चलाता है।दोनों ढाबे की आड़ में ढाबे के ऊपर बने कमरों में देह व्यापार का गैर-कानूनी धंधा करते हैं। एसएचओ ने बताया कि इस पर वह तुरंत पुलिस पार्टी के साथ सरपंच ढाबे पर पहुंचे, जहां ढाबे की मैनेजर मौजूद था। जिसने अपना नाम जश्नप्रीत कौर पत्नी मनजीत सिंह निवासी बस्ती बावा खेल जालंधर बताया। इस पर वह पुलिस पार्टी व मैनेजर को साथ लेकर ढाबे के ऊपर बने कमरे में पहुंचे और दरवाजा खुलवाया तो अंदर एक महिला व एक युवक आपत्तिजनक हालत में बैठे मिले। इसी तरह जब दूसरे कमरे का दरवाजा खटखटाया गया तो अंदर से एक महिला ने दरवाजा खोला और बैंच पर बैठे एक युवक को संदिग्ध हालत में पकड़कर उसका नाम-पता पूछा। एसएचओ ने बताया कि ढाबा मालिक और मैनेजर पैसे लेकर ढाबे के कमरों में देह व्यापार का धंधा चलाते हैं।

## शेयर ट्रेडिंग ठगी गिरोह का पर्दाफाश

# गाजियाबाद पुलिस ने पंजाब से दो को किया गिरफ्तार, छह राज्यों की 15 वारदातें उजागर




**गाजियाबाद, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट के जरिए करोड़ों की ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित पंजाब के अमृतसर निवासी हैं।आरोपितों ने वसुंधरा निवासी एक व्यक्ति से शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर 4.96 करोड़ रुपये ठगे थे। पूछताछ में आरोपितों से देशभर के छह राज्यों की 15 घटनाओं का पर्दाफाश हुआ है जिनमें 2.05 करोड़ रुपये की ठगी हुई थी। पुलिस को इसी वर्ष अप्रैल में वसुंधरा निवासी तेजपाल सिंह ने शिकायत देकर बताया कि फेसबुक के माध्यम से संपर्क कर उन्हें वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था। गिरोह ने खुद को यस बैंक सिक्योरिटीज से जुड़ा दिखाने के लिए वाईएसटीवीआइपी नाम की कूटरचित शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट पर ट्रेडिंग कराई थी।18 दिसंबर 2024 से 22 मार्च 2025 के बीच आरोपितों ने तेजपाल सिंह को शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का लालच देकर 4.96 करोड़ रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने सात अप्रैल को साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। केस की जांच के दौरान ही आरोपितों के नाम सामने आए। इसके बाद दोनों आरोपितों को अमृतर से गिरफ्तार कर लिया गया।

एडीसीपी क्राइम पीयूष कुमार सिंह के मुताबिक साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अमृतसर से हकीमा गेट थानाक्षेत्र स्थित आनंद विहार निवासी साहिल और इसी थानाक्षेत्र के मेन बाजार निवासी हिमांशु महाजन को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि साहिल कपूर अमृतसर के रंजीत एवेन्यू होटल में नौकरी करता है। नौकरी करने के दौरान उसकी मुलाकात अमृतसर में ही क्राकरी की दुकान चलाने वाले हिमांशु महाजन से हुई थी। साहिल कपूर ने हिमांशु महाजन के साथ मिलकर साहिल एंटरप्राइजेज के नाम से एक फर्जी फर्म बनाकर पंजाब एंड सिंध बैंक में चालू खाता खुलवाया ।

इन दोनों ने इस खाते को मुकेश नाम के व्यक्ति को दिया जो इस खाते में ट्रांजेक्शन करवाता था। दोनों आरोपित खाते में होने वाले ट्रांजेक्शन का पांच प्रतिशत के हिसाब से कमीशन मुकेश से प्राप्त करते थे। पुलिस ने गिरोह के खातों से 87.69 लाख रुपये की रिकवरी की है।आरोपितों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस को पता चला कि इस गिरोह ने छह राज्यों में 15 लोगों से 2.05 करोड़ रुपये की ठगी की है। इनमें महाराष्ट्र में एक, राजस्थान में दो, तमिलनाडू में चार, यूपी में एक, कर्नाटक में चार, दिल्ली में तीन घटनाएं हुई हैं।

## संदीप घोष के बलिदान दिवस पर सड़क पर आई भाजपा की कलह

**दुर्गापुर, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कांकसा के रूपगंज में सोमवार को भाजपा के बूथ अध्यक्ष संदीप घोष के सातवें बलिदान दिवस पर पार्टी की आंतरिक कलह सड़क पर आ गई। शहीद वेदी पर श्रद्धांजलि अर्पित करने को लेकर भाजपा दो गुटों में बंटी नजर आई। स्थिति यह रही कि एक ही शहीद वेदी पर पार्टी के दो अलग-अलग गुटों ने अलग-अलग समय पर कार्यक्रम आयोजित किए, जिसे लेकर अब राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। घटनाक्रम के अनुसार सोमवार की सुबह भाजपा किसान मोर्चा के जिला महासचिव भागीरथ घोष अपने समर्थकों के साथ रूपगंज स्थित शहीद वेदी पर पहुंचे। उन्होंने मूर्ति की साफ-सफाई की और माल्यार्पण कर चलते बने। इसके कुछ ही घंटों बाद, दिन चढ़ने पर भाजपा के बर्द्धमान सांगठनिक जिला के जिलाध्यक्ष अभिजीत ता और जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर बनर्जी के नेतृत्व में जिला कमेटी का हुजूम वहां पहुंचा और दोबारा उसी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। श्रद्धांजलि पर सफाई देते हुए भागीरथ घोष ने कहा कि घटनावाले दिन वह संदीप के साथ ही थे। सुबह उन्होंने देखा कि मूर्ति गंदी है, तो सफाई कर माल्यार्पण कर दिया। इसमें गुटबाजी जैसा कुछ नहीं है। दूसरी ओर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर बनर्जी ने कहा कि वहां निर्माण कार्य चल रहा है, जिसे जब समय मिल रहा है, वह आकर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। हमारा मुख्य लक्ष्य गुटबाजी नहीं, बल्कि संदीप के हत्यारों शेख सैफुल, शेख हिरन और कांगला को जेल भेजना है। इधर, तृणमूल कांग्रेस ने इस मामले में भाजपा पर हमला बोला है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा पूरी तरह गुटबाजी के रोग से ग्रस्त है। एक पक्ष सुबह धूल झाड़कर माला पहनाता है, दूसरा दोपहर में आता है और शायद कोई रात में भी आएगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 2026 चुनाव को देखते हुए ये नाटक कर रहे हैं, लेकिन बंगाल की जनता इन्हें नकार देगी।

# राशन कार्ड के लिए ई-केवाईसी कराना जरूरी नहीं की तो कटेगा नाम और बंद हो जाएगा राशन




**अररिया, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

31 दिसंबर तक राशन कार्ड से ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। अन्यथा राशन से लाभुकों को वंचित होना पड़ेगा। इतना ही नहीं बल्कि ई-केवाईसी नहीं कराने वाले लाभुक का नाम राशन कार्ड से हट जाएगा। इसीलिए सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता राशन कार्डधारकों का हरहाल में ई- केवाईसी करवाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि वे लाभ पाने से वंचित नहीं रहें। उक्त बातें सिकटी प्रखंडाधीन पीडीएस दुकानदारों द्वारा ई-केवाईसी कार्य निरीक्षण के दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी धर्मेश कुमार ठाकुर ने कही। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि राशन कार्ड में वर्णित सभी सदस्यों को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। जिन उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी नहीं होगा, उनको भविष्य मे कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इतना हीं नहीं उनका नाम राशन कार्ड से हटाया जा सकता है। साथ ही वे खाद्यान्न पाने से वंचित हो जायेंगे। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी धर्मेश कुमार ठाकुर ने बताया कि शत-प्रतिशत लाभुकों के ई-केवाईसी हेतु पीडीएस दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जारी पत्र के आलोक में जांच की जा रही है कि राशन कार्ड में जितने उपभोक्ता हैं, उसमें कितने जीवित हैं और कितने की मौत हो गई है।

कहा कि जिन उपभोक्ताओं का केवाईसी नहीं होगा, सरकार द्वारा यह समझा जाएगा कि उक्त लाभुकों की मौत हो गई है। वैसे लाभुक को खाद्यान्न लेने से वंचित रहना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में जनवितरण प्रणाली विक्रेता भी कुछ नहीं कर सकते हैं।

आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि खाद्य उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं एसडीओ के निर्देश पर सभी जनवितरण प्रणाली दुकानों पर केवाईसी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार कुर्साकांटा प्रखंड में राशनकार्ड धारी कुल लाभुकों की संख्या 39 हजार 533 हैं। जबकि यहां कुल पीडीएस दुकानों की संख्या 72 है। जबकि सिकटी में 41 हजार 458 लाभुकों में 88 पीडीएस दुकानदारों को इस कार्य में लगाया गया है।

## ई-रिक्शा चालक की मौत से बिखरा परिवार, दिल्ली ब्लास्ट पीड़ित को एक महीने बाद भी नहीं मिला मुआवजा



**नईदिल्ली, 10 दिसम्बर [एजेंसी]।**

10 नवंबर को लाल किले के बाहर हुए आतंकी हमले की चपेट में आए मोहसिन की दर्दनाक हो गई थी। मूल रूप से मेरठ के रहने वाले मोहसिन चांदनी चौक के आसपास ई-रिक्शा चलाते थे और पत्नी और दो बच्चों के साथ दरिया गंज के सूईवालान इलाके में रहते थे।उनकी मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ तो टूटा ही साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति और भी खस्ता हाल में चल रही है। सरकार द्वारा परिवार को दस लाख के मुआवजे का ऐलान तो किया गया लेकिन, पिछले एक महीने से मुआवजे के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है।

मृतक मोहसिन की भाभी नाजिश ने बताया कि घटना के बाद से पत्नी सुल्ताना, बेटी हिफ्जा और बेटा अहद आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। परिवार में मोहसिन ही कमाने वाले थे। उनकी मौत के बाद ब्यूटी पार्लर चलाने वाली नाजिश ने ही परिवार का जिम्मा संभाला हुआ है।दोनों बच्चे स्कूल तो जा रहे हैं, लेकिन घर का किराया व अन्य जरूरत की चीजों के लिए परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि चार दिन पहले ही मुआवजे के लिए वेरिफिकेशन हुई है और उन्हें आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही उन्हें मुआवजे का पैसा मिल जाएगा।

# धर्मांतरण विवाद गरमाया, अवैध कब्जों पर कार्रवाई से राजनीति तेज

**चिरमिरी।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (MCB) जिले में धर्मांतरण का मुद्दा अब खुलकर राजनीतिक रंग लेने लगा है। जिले में 'चंगाई सभा' के नाम पर चल रहे कथित धर्मांतरण के मामलों को लेकर विवाद पिछले कुछ समय से लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण व वन क्षेत्र में सक्रिय कुछ संगठनों पर आरोप लगाया जा रहा है कि वे इलाज और चंगाई के बहाने ईसाई धर्म स्वीकार करवाने का प्रयास कर रहे हैं। इस विषय को लेकर अब सत्ताधारी और विपक्षी दलों के बीच टकराव साफ दिखाई देने लगा है।

इसी कड़ी में हाल ही में एक बड़ी कार्रवाई तब सामने आई, जब वन विभाग ने जंगल की भूमि पर बनाए गए तीन अवैध घरों पर बुलडोजर चलाया। विभाग का दावा है कि ये मकान वन भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाए गए थे। जानकारी के अनुसार, इन मकानों में रहने वाले तीनों परिवार पहले ही ईसाई धर्म अपना चुके थे। बताया गया कि ये परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने का लाभ लेकर जंगल के बीच निर्माण कर रहे थे, और आसपास के ग्रामीणों को भी धर्मांतरण के लिए प्रेरित







कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत प्रशासन और वन विभाग से की, जिसके बाद कार्रवाई की गई। वन विभाग की इस कार्रवाई के बाद अब पूरा मामला राजनीतिक रूप से और भी गर्म हो गया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर धर्मांतरण समर्थकों के पक्ष में खड़ी दिखाई दे रही है और वन विभाग पर दबाव बनाए जाने के आरोप भी लग रहे हैं। स्थानीय राजनीतिक नेताओं का तर्क है कि वन विभाग ने कार्रवाई तो की, लेकिन मानविय दृष्टिकोण से बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के बेघर कर दिया, जो सही निर्णय नहीं है। वहीं दूसरी ओर दक्षिणपंथी और स्थानीय हिंदू संगठनों का कहना है कि वन भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है और धर्मांतरण गतिविधियों को रोकना आवश्यक है। इस घटना के बाद जिले में सामाजिक और राजनीतिक तनाव बढ़ा है। कई संगठन मामले की जांच की मांग कर रहे हैं, तो कई लोग इस मुद्दे को धार्मिक स्वतंत्रता बनाम अवैध कब्जा के रूप में देख रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि धर्म से जुड़े मुद्दे का कार्रवाई से कोई संबंध नहीं, यह केवल अवैध कब्जा हटाने की प्रक्रिया थी। वहीं ग्रामीण अब मांग कर रहे हैं कि सरकार स्पष्ट रूप से इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए ठोस नीति बनाए। कुल मिलाकर, MCB जिला इन दिनों धार्मिक परिवर्तन और वन भूमि पर अतिक्रमण को लेकर राजनीति का केंद्र बन गया है।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के समर्थन में बैकुंठपुर महाविद्यालय में चला हस्ताक्षर अभियान



**कोरिया।** शासकीय रामानुज सिंहदेव स्नात कोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए इस पहल का समर्थन किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री शारदा गुप्ता, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी तीर्थ राजवाड़े, भाजपा मंडल महामंत्री व कार्यक्रम के जिला प्रभारी मनोज साहू, सुरेश राजवाड़े, भाजयुमो जिला मंत्री रमेश तिवारी, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष दिलीप राजवाड़े, पूर्व जनपद सदस्य एवं पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री दिनेश चेरवा, रामु राजवाड़े तथा देवप्रकाश रजक उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्रों को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए इसके संभावित लाभों और राष्ट्रीय स्तर पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रियता बनाए रखने का आह्वान भी किया। अभियान के दौरान सैंकड़ों छात्र-छात्राओं ने हस्ताक्षर कर इस पहल का समर्थन जताया। आयोजन को महाविद्यालय प्रशासन और छात्र प्रतिनिधियों ने सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में घोटाला

# रोजगार सहायक ने डकार लिया हितग्राहियों का पैसा

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के भरतपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत जुईली में पदस्थ रोजगार सहायक द्वारा प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों का पैसा को निकालकर हजम कर लिया गया जिससे उनका आवास नहीं बन सका है। वहीं रोजगार सहायक ने उन आवास हितग्राहियों के आवास को कागजों में पूर्ण बता दिया गया है। जबकि जमीनी हकीकत में अब तक आवास अधूरा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जुईली निवासी रामकृपाल बैगा, ग्राम रांपा निवासी ज्ञानचंद यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त लिखित शिकायत पत्र जनपद पंचायत कार्यालय भरतपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भरतपुर में 02 वर्ष पूर्व प्रस्तुत कर बताया था कि ग्राम पंचायत जुईली में पदस्थ रोजगार सहायक रमाकांत यादव द्वारा हम प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों कि स्वीकृत पैसा को फर्जी ढंग से गांव के एक अन्य व्यक्ति को बैंक में खड़ा करके पूरी राशि निकलवाकर गबन कर लिया है। जिससे हम आवास हितग्राहियों का आवास अब तक नहीं बन पाया है। जबकि रोजगार सहायक रमाकांत यादव ने फर्जी जियो टैग करके कार्यालय के कागजों पूर्ण बता दिया है। ग्राम रांपा निवासी ज्ञानचंद यादव ने बताया कि उनकी दादी के नाम से स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास की किस्त का पैसा को अपनी माता के नाम के बैंक खाता में डलवाकर गबन कर लिया है। ग्राम जुइली निवासी रामकृपाल बैगा ने बताया कि हमारे साथ ही पंचायत के अन्य हितग्राहियों का प्रधानमंत्री आवास का स्वीकृत पैसा को रोजगार सहायक रमाकांत यादव द्वारा फर्जीवाड़ा व धोखाधड़ी करके गबन कर लिया है। जिसकी 02 वर्ष पूर्व किया गया शिकायत के बावजूद भी अब तक जाँच व कार्यवाही नहीं हुई है।




## पोर्टल में छूटे हुए खसरों को सभी किसान जल्द से जल्द कराएं दर्ज

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप एवं कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशन में जिले में धान खरीदी जारी है। परंतु धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान अनेक पंजीकृत किसानों के खसरा नंबर एग्रीस्टैक पोर्टल से नहीं जुड़े होने के कारण किसानों को धान विक्रय में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने जिले के सभी कृषकों से अपील की है कि वे अपने छूटे हुए खसरा नंबरों को जल्द से जल्द एग्रीस्टैक पोर्टल पर दर्ज कराएं।उल्लेखनीय है कि जिले के 28385 खसरे अब भी एग्रीस्टैक पोर्टल में नहीं जुड़े हैं। ये खसरे एग्रीस्टैक पोर्टल में नहीं जुड़ने से किसानों को धान विक्रय में असुविधा हो रही है और जब वे धान खरीदी केंद्रों में टोकन कटाने के लिय पहुंच रहे हैं तो उन्हें पूर्ण रकबे पर टोकन कटाने से वंचित होना पड़ रहा हैं।

# शासकीय सार्वजनिक जमीन पर अवैध कब्जा, हटाने में राजस्व की रूचि नहीं

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के भरतपुर तहसील के जिम्मेदार राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियो के द्वारा शासकीय व सार्वजनिक निस्तार की जमीनों पर किया गया अवैध कब्जा को हटाने में रूचि नहीं लिया जाता है। जिससे भरतपुर तहसील के मुख्यालय जनकपुर में खाली पड़ी शासकीय व सार्वजनिक निस्तार की जमीनों में कई प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा अवैधानिक रूप से अतिक्रमण कर कच्चे पक्के मकान व दुकान का निर्माण कर लिया गया है, वर्तमान में भी लगातार अवैध रूप से निर्माण कार्य जारी है।

वहीं जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों के लचर रवैया के चलते इन अवैध अतिक्रमण को न ही हटाया जा रहा है और न ही अवैध निर्माण कार्य को रोका जा रहा है। जिससे प्रतीत हो रहा है कि यहाँ के जवाबदार राजस्व विभाग आंखें बंद करके गहरी नींद में सोया हुआ है। जबकि प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय व सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण व अवैध निर्माण करने पर तुरंत अतिक्रमण कारियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन एमसीबी जिले के भरतपुर तहसील में यह आदेश सफेद हाथी साबित हो रहा है। राजस्व विभाग के लापरवाह अधिकारियों कर्मचारियों के कारण जनकपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र में एंटी भूमाफिया अभियान व अतिक्रमण विरोधी अभियान की हवा निकल रही है। जिससे जनकपुर नगर में अतिक्रमण कारियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे है। जिन प्रभावशाली लोगों ने शासकीय भूमि पर खुलेआम नींव भरकर पक्का मकान व दुकान का निर्माण कर लिए है, उन पर जबाबदार प्रशासनिक अमला द्वारा अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। पूर्व में जनकपुर नगर के जागरूक नागरिकों द्वारा जिला प्रशासन सहित प्रदेश स्तर पर कई बार शिकायत करने के बाद तत्कालिक तहसीलदार भरतपुर ने मौके पर पहुंच कर शासकीय जमीन पर किया गया अवैध कब्जा के हालात का जायजा लेकर नागरिकों के सामने आश्वासन देते हुए कहा था कि अवैध कब्जे पर सख्त कार्यवाही की जाएगी लेकिन उनके आश्वासन के बाद भी नगर की खाली पड़े शासकीय भूमि पर लगातार अवैध कब्जा बढ़ता जा रहा है, जिस पर राजस्व विभाग द्वारा न ही रोक लगाई जा रही है और न ही ठोस कार्यवाही ही किया जा रहा है। जिससे जनकपुर नगर में अतिक्रमण कारियों के हौसले इतने बढ़े हुए है कि जहाँ भी शासकीय व सार्वजनिक निस्तार की खाली दिखी जमीन पर शाम दाम दंड भेद का सहारा लेकर कब्जा करने में जुट जाते है।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई तथा उनके निराकरण की अद्यतन प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर जयवर्धन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र एवं पारदर्शी न्याय प्राप्त हो सके। उन्होंने विशेष रूप से अभिलेख सुधार, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन, पट्टा वितरण तथा अभिलेख दुरुस्तीकरण जैसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने धान खरीदी प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग करने व अवैध धान परिवहन और भंडारण पर सख्त कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# धान खरीदी व्यवस्था पर कलेक्टर की सख्त समीक्षा

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में 15 नवंबर से प्रारंभ हुई धान खरीदी प्रक्रिया 31 जनवरी तक जारी रहेगी। धान खरीदी को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी लगातार समीक्षा बैठकों का आयोजन कर रही हैं। मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने नोडल अधिकारियों और संबंधित विभागों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि समितियों को हमालों के लिए आवंटित राशि का तत्काल भुगतान कर देना चाहिए। सहकारिता विभाग के अधिकारियों से यह भी जानकारी ली कि अब तक कितनी समितियों को कितनी राशि दी गई है,.कितनी राशि हमालों को भुगतान की जा चुकी है और किन समितियों में भुगतान लंबित है। लंबित मामलों में तुरंत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने दोहराया कि किसानों से किसी भी प्रकार की जबरन हमाली नहीं कराई जाए। यदि किसान स्वेच्छा से सहयोग करते हैं, तो उन्हें हमाली पारिश्रमिक अवश्य दिया जाए। सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि धान बेचने आने वाले किसानों, वाहनों और खरीद प्रक्रिया से जुड़े प्रत्येक चरण की फोटो सतर्क ऐप में नियमित रूप से अपलोड करें। यह निगरानी और पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि जिन किसानों ने धान बेच दिया है, उन्हें रकबा समर्पण के लिए प्रेरित करें। जिले में अभी तक 40 हेक्टेयर से अधिक रकबा समर्पित किया जा चुका है, जिसे बढ़ाने की जरूरत है। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों से खरीदी केंद्रों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और जोर दिया कि किसी भी केंद्र में बफर लिमिट से अधिक धान होने पर तुरंत अधिकारियों को सूचना दें। किसानों को धान बेचने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ।अधिक खरीदी वाले केंद्रों में रकबा सत्यापन किया जाए और बोगस धान की संभावना पर विशेष नजर रखी जाए। कलेक्टर ने दोनों एसडीएम को निर्देश दिया कि वे निरंतर खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करें। पुलिस विभाग को चेकपोस्टों की जांच तेज करने तथा अन्य जिलों/राज्यों से अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शनिवार व रविवार जैसे अवकाश दिनों में भी फील्ड में भौतिक सत्यापन (पीवी) किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि खरीदी केंद्रों में धान को मॉइश्चर मशीन से तय सीमा के अनुसार ही मापा जाए और निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप ही खरीदी की जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य है पारदर्शी, सुरक्षित, निष्पक्ष और किसान हितैषी धान खरीदी सुनिश्चित करना है।




### सुशासन और संवेदनशीलता की मिसाल बना जिला प्रशासन

## जनदर्शन में आवेदन और कुछ ही घंटों में हुआ निराकरण

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रशासनिक संवेदनशीलता और त्वरित सेवा ही अच्छे शासन की असली पहचान है। ग्राम महोरा निवासी 79 वर्षीय दिव्यांग श्री परशुराम बैशाखी के सहारे चलने में होने वाली कठिनाइयों को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उम्र के इस पड़ाव में चलना-फिरना उनके लिए अत्यंत कठिन हो गया है, और उन्हें सहारे की सख्त आवश्यकता है। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनी और तत्काल ही समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया कि कार्यक्रम समाप्त होते ही श्री परशुराम को ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराई जाए। प्रशासन की तत्परता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि कुछ ही घंटों में ट्रायसाइकिल पहुँच भी गई। ट्रायसाइकिल उपलब्ध होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला गौधाम समिति के अध्यक्ष रेवा यादव तथा अपर कलेक्टर डीडी मंडावी ने स्वयं परशुराम को ट्रायसाइकिल भेंट की। इसे पाकर उनकी आंखों में राहत और खुशी साफ झलक रही थी। परशुराम भावुक होकर बोले मुझे उम्मीद थी कि समस्या का समाधान होगा, पर इतनी जल्दी, कुछ ही घंटों में हो जाएगा, इसका अंदाज़ा नहीं था। आज प्रशासन ने जो किया है, वह मेरे लिए जीवन बदलने जैसा है। जनदर्शन में मौजूद लोगों ने इस त्वरित पहल को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन और जिला प्रशासन की संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उपस्थित जनों ने कहा कि ऐसे निर्णय प्रशासन पर लोगों के विश्वास को मजबूत करते हैं और साबित करते हैं कि समस्याओं के समाधान के लिए सही शासन व्यवस्था ही सबसे बड़ा सहारा है।



## 12 को सामान्य सभा व सामान्य प्रशासन समिति की बैठक

**सूरजपुर।** जिला पंचायत सूरजपुर की सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 10 दिसंबर 2025 को निर्धारित की गई थी, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए समीक्षा बैठक 12 दिसंबर 2025 को समय 11:00 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में श्रीमती चंद्रमणी पैकरा की अध्यक्षता में आहूत की जाएगी।

## पोस्टर प्रतियोगिता का सफल आयोजन संपन्न

**चिरमिरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चिरमिरी में संचालित अंग्रेजी क्लब ,गणित क्लब, विज्ञान क्लब एवं इको क्लब के छात्र छात्रों द्वारा विषय आधारित आकर्षक पोस्टर का निर्माण किया गया जिसकी प्रतियोगिता विद्यालय में संपन्न की गई ।इस प्रतियोगिता का शुभारंभ संतोष सिंह सभापति नगर पालिक निगम चिरमिरी के कर कमलो द्वारा फीता काट कर किया गया ।इस अवसर पर संध्या सोनवानी एम.आई.सी. सदस्य नगर पालिक निगम चिरमिरी ,एस.के. सिंह प्राचार्य , रजनी सालोमन प्राचार्य जगदीश सिंह प्राचार्य ,बलबिंदर सिंह प्राचार्य , अरुण पात्रा प्राचार्य तथा आर.के. सूर्या व्याख्याता उपस्थित रहे।प्रतियोगिता मे आमंत्रित निर्णायकों ने सभी पोस्टरों का मूल्यांकन किया और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

**सूरजपुर।** जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे रखी गयी थी। जिले में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को प्रभावी तरीके से कराए जाने हेतु जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न विभागो से सम्मन्वय स्थापित कर प्रगति लाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये।बैठक मे योजना की बिंदुवार समीक्षा की गई जिसमें कचड़ा संग्रहण कार्य ग्रामों में नियमित किए जाने एवं यूजर चार्ज लिए जाने एवं कचरा प्रबंधन कार्य को प्रभावित रुप से लागू करने प्रत्यये सरपंच सचिव तथा स्वच्छता ग्रहीय दीदी को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिए जाने निर्देशित किया गया। प्रत्येक जनपद में तैयार किए मॉडल ग्रामों का अन्तर विकास खंड सत्यापन कराए जाने हेतु चर्चा हुई।फिक्कल स्लज प्रबंधन इकाई को क्रियाशील रखने नगरीय निकाय सीमा को स्लज वाहन ग्रामीण एफ्एसटीपी में खाली किये जाने निर्देशित किया या।प्लास्टिक अपशिष्ट इकाई को पीपीपी मॉडल पर चलाए जाने रुचि की अभिव्यक्ति जारी किए जाने पर चर्चा हुई। हमारा शौचालय हमारा भविष्य अंतर्गत नामांकित हितग्राहियों को सम्मानित किये जाने पर चर्चा हुई।कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को नियमित स्कूलों में सूखे और गीले कचरे के निपटान के संबंध में छात्र छात्राओं से चर्चा किये जाने,एक जन आंदोलन के रूप में इस अभियान को संचालित किए जाने, सभी को जागरूक किये जाने हेतु विशेष रणनीति के तहत कार्य किये जाने निर्देशित किया गया।जिला पंचायत सीईओ श्री विजेन्द्र सिंह पाटले द्वारा समस्त एजेंडे पर सभी विभागों से समन्वय कर कार्य किये जाने पर बल दिया गया।

## 4.66 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया, कई हितग्राहियों पर होगी संपत्ति कुर्की की कार्रवाई

**कोरिया।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित, कोरिया ने राष्ट्रीय निगमों द्वारा संचालित योजनाओं के तहत वितरित ऋण की वसूली में लगातार गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए कड़े कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है। समिति ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सफाई कामगार और अल्पसंख्यक वर्ग के सशक्तिकरण के उद्देश्य से दिए गए ऋण की बड़ी राशि अभी तक वसूल नहीं हो सकी है। जिला अंत्यावसायी सहकारी समिति के कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले के चारों तहसीलों बैकुण्ठपुर, पटना, सोनहत और पोंडी-बचरा में कुल 290 हितग्राहियों को 4.33 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरित किया गया था, जिसमें से अब तक मात्र 89.54 लाख रुपये ही वसूल हो पाए हैं। वहीं ब्याज और दण्ड ब्याज सहित कुल बकाया राशि बढ़कर 4.66 करोड़ रुपये हो चुकी है। बैकुण्ठपुर 129 हितग्राही, कुल बकाया 2.06 करोड़ से अधिक, पटना 116 हितग्राही, कुल बकाया 1.57 करोड़ रुपये, सोनहत-26 हितग्राही, कुल बकाया 48.50 लाख रुपये, पोंडी-बचरा-19 हितग्राही, कुल बकाया 53.26 लाख रुपए। समिति ने बताया कि लाभार्थियों को समय-समय पर मोबाइल कॉल, नोटिस तामील और व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से मासिक किश्त जमा करने की अनिवार्यता समझाई गई, लेकिन अनेक हितग्राहियों ने जानबूझकर किस्त जमा करने में रुचि नहीं दिखाई।

## किसान ने बेचा 112 क्विंटल धान

**कोरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के तहत आज ग्राम ओड़गी निवासी किसान श्री उमेश कुमार साहू अपने किसान चाचा रामसेवक के नाम से साख सहकारी समिति, छिंदडाड में पहुंचकर धान विक्रय किया। किसान उमेश ने बताया कि उनके चाचा के नाम 1.0370 हेक्टेयर पंजीकृत कृषिभूमि में धान की खेती की थी। खरीदी केंद्र में उन्होंने 112 क्विंटल धान की बिक्री की। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 2369 प्रति क्विंटल की समर्थन मूल्य दर के अनुसार उन्हें 265328 रुपए की राशि प्राप्त होगी।

# सुशासन सप्ताह में प्रशासन के अधिकारी गांवों में करेंगे संवाद

### लोगों की शिकायतों का किया जाएगा त्वरित समाधान

**कोरिया बैकुंठपुर।** जनसेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने तथा सुशासन की पहुंच हर नागरिक तक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 19 से 25 दिसंबर 2025 तक जिले में 'सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर' अभियान विशेष रूप से आयोजित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय पहल के लिए भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों व जिलों के कलेक्टरों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान में विशेष शिविरों का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाए तथा नागरिकों की शिकायतों और सेवा-संबंधी समस्याओं का स्थल पर ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मूल उद्देश्य है प्रक्रियाओं को सरल बनाना, सेवाओं को सुगम करना और पारदर्शिता के साथ शासन का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुँचाना।

पहला चरण 11 से 18 दिसंबर 2025 के तहत अभियान से जुड़ी गतिविधियों को सरकार के पोर्टल पर मैप किया जाएगा।सुशासन से संबद्ध प्रमुख लक्ष्यों की पहचान की जाएगी, सार्वजनिक सेवाओं और शिकायत निवारण की प्राथमिकताओं का निर्धारण किया जाएगा, विभागवार लक्ष्यों का निर्धारण और आवश्यक तैयारियाँ की जाएगी। दूसरा चरण में 19 से 25 दिसंबर 2025 अवधि में प्रतिदिन जिला व तहसील मुख्यालयों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे,



जिनमें विभिन्न प्रकार की शिकायतों और जनसेवा आवेदनों का समाधान किया जाएगा। प्रतिदिन पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी महत्वपूर्ण जानकारियाँ जैसे शिविरों में निपटाई गई शिकायतों की संख्या, सीपीजीआरएएमएस एवं राज्य पोर्टलों की शिकायतों के समाधान का विवरण, ऑनलाइन सेवा वितरण में जोड़ी गई नई सेवाएँ, निस्तारित आवेदनों की संख्या, सुशासन की उत्कृष्ट पहलें और उनसे जुड़ी तस्वीरें, शिकायतों के समाधान की सफलता कहानियाँ, 23 दिसंबर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रसार कार्यशाला का संपूर्ण विवरण। शासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान सुशासन की अवधारणा को जमीनी स्तर तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पोर्टल पर अपलोड होने वाले आंकड़े यह बताएंगे कि जिले में अभियान कितना प्रभावी रहा और किस स्तर तक अपेक्षित परिणाम प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, बिजली, पशुपालन, श्रम, पंचायत एवं आदिमजाति विकास जैसे विभिन्न विभागों को व्यापक तैयारी के निर्देश दिए हैं, ताकि सुशासन सप्ताह को जिले में सार्थक, प्रभावी और जनता के लिए उपयोगी बनाया जा सके।

## 15 व 16 को प्लेसमेंट कैंप, 100 से अधिक रिक्तियों पर होगी भर्ती

**कोरिया।** जिला कोरिया के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर उपलब्ध होने वाला है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, बैकुण्ठपुर द्वारा 15 और 16 दिसंबर को दो दिवसीय प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसमें सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक 15 दिसंबर को जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला पंचायत के पीछे स्थित पुराने कैंटीन भवन) में कैंप लगाया जाएगा। वहीं 16 दिसंबर को जनपद पंचायत सोनहत परिसर में कैंप आयोजित होगा। दोनों दिनों में बड़ी संख्या में आवेदकों के आने की संभावना है। जारी जानकारी के अनुसार कुल 100 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें सुरक्षा जवान 50 पद, 10वीं पास, वेतन 18,000 प्रति माह, ऊँचाई 168 सेमी। सुरक्षा सुपरवाइजर 25 पद, 12वीं पास, वेतन 22,000 प्रति माह, ऊँचाई 170 सेमी, एस.एल.व्ही. 25 पद, योग्यता 10वीं/12वीं पास, वेतन 16,000 प्रति माह, ऊँचाई 165 सेमी होना चाहिए। यह सभी पद पुरुषों के लिए ही है। कार्यस्थल पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में निर्धारित किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी ने पात्र व इच्छुक युवकों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेज, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, फोटो व बायोडाटा साथ लेकर निर्धारित तिथि पर उपस्थित हों।

## राम नाम लेखन पुस्तिकाओं का वितरण जारी

**कोरबा।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में राम नाम लेखन महायज्ञ के अंतर्गत पुस्तिकाओं का वितरण कार्य किया जा रहा है। अयोध्या में राम मंदिर के द्वितीय प्रतिष्ठा दिवस के वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कोरबा जिले ने इस अभियान को हाथ में लिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से बताया गया कि तीन लाख पुस्तकों का वितरण विभिन्न स्थानों पर किया जाना प्रस्तावित है, जिस पर काम चल रहा है। मकर संक्रांति को लगभग 600 बाइक में युवाओं का समूह इन पुस्तिकाओं के साथ अयोध्या प्रस्थान करेगा।

## जिला स्तरीय अधिवक्ता खेल स्पर्धा आयोजित

**कोरबा।** कोरबा जिला अधिवक्ता संघ कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार 15 दिसंबर से जिला स्तरीय अधिवक्ता खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के सचिव नूतनसिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया की इसमें क्रिकेट, बैडमिंटन, कैरम, गोला-फेंक, शतरंज और पंजा कुश्ती के मुकाबले खेले जाएंगे। साथ ही जनवरी में नववर्ष मिलन समारोह 2026 का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विजेता अधिवक्ताओ को पुरस्कृत किया जाएगा।

## आगे भी चलेगा टीकाकरण अभियान

**कोरबा।** पालतू और आवारा कुत्ते-बिल्लियों के लिए एंटी रैबिज टीकाकरण पर कोरबा के दशहरा मैदान आरपी नगर में कैंप आयोजित किया गया। वेटनरी विभाग की मोबाइल यूनिट ने यहां पहुंचकर 48 मामलों में टीकाकरण किया। नगर निगम ने इसका समन्वय किया। बताया गया कि आगे भी इस प्रकार की कोशिश की जाएगी ताकि अन्य क्षेत्रों के कुत्ते-बिल्लियों को टीका लगाया जा सके। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य यह है कि ऐसे पशुओं के काटने से किसी को भी संक्रमण न होने पाए।

**अपना सिरदर्द कम करने सीएसईबी बढ़ा रहा दूसरों के लिए संकट**

# रात 10 बजे से कोरबा के वनांचल में बिजली गुल, धान उपार्जन केंद्रों की सुरक्षा पर खतरा





**कोरबा।** धान खरीदी का सीजन और उपर से हाथियों की दहशत। जिले के दूरस्थ और हाथी प्रभावित क्षेत्रों में शामिल उपार्जन केंद्रों में इन दिनों गजब की परेशानी है। एक तो हाथियों से जुड़े खतरे उपार्जन केंद्र के कर्मियों सहित आसपास के ग्रामीणों को मुश्किल में डाले हुए है, वहीं सीएसईबी के द्वारा 9 घंटे के लिए रात में बिजली गुल कर देने के कारण दुश्वारियां और बढ़ गई है। जंगल से सटे धान खरीदी केंद्रों में लोग धान को बचाएं या खुद को, यह ज्वलंत सवाल है।

खबर के अनुसार पिछले दो दिन से सीएसईबी ने कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले कई उपार्जन केंद्रों और अन्य ग्रामों के आसपास की बिजली रात 10 बजे से गुल करना शुरु कर दिया। हाथियों का खतरा बढ़ने पर उसकी आफत होती है, यह सीएसईबी का तर्क है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि सीएसईबी अपनी झंझट कम करने के लिए हमारा सिरदर्द बढ़ाने में लगा हुआ है।

बताया गया कि दो अलग-अलग फीडर से विकासखंड के दूरस्थ धान उपार्जन केंद्र जुड़े हुए हैं, जहां पर बिजली वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित होती है। बरपाली (जिल्गा), चचिया, कुदमुरा, चिर्रा और श्यांग आदि क्षेत्र बिजली गुल की समस्या से परेशानी का सामना कर रहे हैं। इन केंद्रों में बड़ी संख्या में किसानों का पंजीकरण है और उत्पादकता के हिसाब से धान का उपार्जन भी हो रहा है। हाल में ही हाथियों की आमद और उनके उत्पात बढ़ने से वन विभाग ने नियंत्रण के हवा-हवाई दावे शुरु कर दिए। वहीं सीएसईबी ग्रामीण संभाग के द्वारा प्रभावित क्षेत्रों की बिजली रात 10 बजे से गुल की जा रही है जो सुबह 7 बजे के बाद आ रही है। 9 घंटे तक पूरा क्षेत्र अंधकार के साए में रहता है। कई तरह की समस्याओं के बीच इतने घंटे तक खतरे में रात गुजारना 50 हजार से भी अधिक की आबादी को चिंता में डाल रहा है।

### खरीदी केंद्र कर्मी और ग्रामीणों की जान संकट में

बरपाली(जिल्गा) उपार्जन केंद्र में धान की सुरक्षा के लिए 7-8 कर्मचारियों को रात में जिम्मेदारी दी गई है। वहीं दूसरे केंद्रों में भी पर्याप्त अनुपात में कर्मचारी लगाए गए हैं जो धान की सुरक्षा करते हैं। इन सभी केंद्रों में प्रशासन के निर्देश पर चौतरफा प्रकाश व्यवस्था के लिए हैलोजन लाइट लगाए गए हैं, ताकि चोरी चकारी के साथ दूसरे स्तर पर सुरक्षा पुख्ता रहे। इस पर भी सीएसईबी द्वारा बिजली आपूर्ति बाधित कर देने से धान के साथ-साथ लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। कर्मियों का कहना है कि अंधेरे में तो हाथी कहीं भी प्रवेश कर सकता है। ऐसे में होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी और भरपाई क्या सीएसईबी करेगा।

### इसलिए की जा रही आपूर्ति ठप

खबर के अनुसार हाथियों की उपस्थिति और बढ़ते खतरे के कारण सीएसईबी ने मौजूदा स्थिति में रात्रि में बिजली गुल करना शुरू किया है। पिछले वर्ष करतला क्षेत्र में ही एक स्थान पर बिजली तार में उलझकर हाथी की मौत होने पर वन विभाग ने सीएसईबी को निशाने पर लिया था, जिसके बाद एक लाइनमेन को आरोपी नामजद कर लिया गया। उसके बाद से सीएसईबी ने तोड़ निकाला कि वह समस्या बढ़ने पर रात में आपूर्ति बंद कर देगा। उसका कहना है कि जहां कहीं बिजली के तार लटक रहे हैं, उसके संपर्क में हाथियों को रोकने के लिए यही एक तरीका हो सकता है।

**नो पार्किंग के मामलों में ट्रैफिक पुलिस ने की कार्रवाई**

## अब तक 1937 चालकों ने तोड़ा नियम, भरना पड़ा जुर्माना



दो पार्किंग के 1937 मामले कोरबा जिले में बनाए गए हैं। ट्रैफिक टीम ने अलग-अलग स्थान पर इस तरह की कार्रवाई की है। सम्बन्धितों पर व्यवस्था के अंतर्गत 5 लाख 81 हजार ?500 समन शुल्क लगाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में ट्रैफिक डीएसपी डीके सिंह , निरीक्षक तेजस यादआरएन रात्रे, मनोज राठौर, ईश्वर लहरे सहित मैदानी अमला इस प्रकार की कार्रवाई को क्रियान्वित करने में लगा हुआ है।

**कोरबा।** कोरबा में ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए कई स्तर पर काम हो रहा है और कार्रवाई भी। मनमाने तरीके से कहीं भी गाड़ियों को पार्क कर देने से उत्पन्न समस्या को लेकर इस वर्ष अब तक 1937 प्रकरण बनाए गए। चालकों पर कार्रवाई करते हुए सबक दिया गया कि नियम से चलोगे तो फायदे में रहोगे।

ठंड के मौसम में कोरबा में धुआ और कोहरा से जुड़ी समस्याएं पेश आ रही है और इसके कारण विभिन्न स्थानों पर दृश्यता का संकट भी पैदा हो रहा है। इसलिए भारी वाहनों के साथ-साथ सभी प्रकार के वाहनों के मामले में आगे पीछे रिफ्लेक्टर और रेडियम पट्टी पर जोर दिया गया। इंडिकेटर व पार्किंग लाइट को सही सलामत रखना एवं सही जगह पार्क करने की सलाह दी गई है। राताखार में जोड़ा पुल के पास बेतरतीब गाड़ी पार्क करने पर पुलिस ने लॉक की कार्रवाई की। बताया गया कि 1 जनवरी 2025 से अब तक की स्थिति में

## एसईसीएल दीपका में एटक ने जेसीसी का पुनर्गठन किया



**कोरबा।** संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक ने दीपका क्षेत्र में जेसीसी का पुनर्गठन किया है। केंद्रीय महामंत्री अजय विश्वकर्मा की उपस्थिति में बैठक रखी गई, जिसमें यह कार्य संपन्न हुआ। संयुक्त सलाहकार और वेलफेयर समिति में क्षेत्रीय अध्यक्ष जीत सिंह, क्षेत्रीय सचिव विनोद यादव, सदस्य अजय राठौर और वेलफेयर सदस्य सत्येंद्र मिश्रा को शामिल किया गया है। क्षेत्रीय सचिव विनोद यादव ने सीजीएम दीपका को इस बारे में सूचना भेज दी है। इस पर कहा गया है कि नवगठित क्षेत्रीय समिति को कर्मचारी हित में प्रबंधन के साथ वार्ता और संघ का प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिकृत किया गया है। विनोद ने बताया कि एटक की नीति शुरु से पारदर्शी रही है और वह राष्ट्रीय व स्थानीय श्रमिक हितों को लेकर जुझारू रही है।

## खान हादसे में मौत, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई कब?



**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा माइंस में खान हादसों को लेकर लगातार चिंता जताई जा रही है। वर्ष 2025 में अब तक हुए हादसों में पांच मजदूरों की जान चली गई जबकि कई घायल हो गए। खान सुरक्षा महानिदेशालय ने इस बारे में जांच की लेकिन कार्रवाई का अतापता नहीं। सांसद के प्रतिनिधि एस.मसीह ने सरकार के अधीन काम करने वाले डीजीएमएस को एक बार फिर पत्र भेजा है और पूछा कि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई कब होगी?

उन्होंने पत्र में लिखा कि 27 मई को मिट्टी धंसने से विश्वास यादव और धन सिंह कंवर, 19 मई को करंट लगने से हीरालाल, 23 जुलाई को ड्रिल मशीन रिवर्स करते समय कुचलने से राजन राणा, 9 अक्टूबर को ट्रेलर पलटने से सनूप तिग्गा और 26 अक्टूबर को लोडर व मालगाड़ी के भिड़ने से जमुना विश्वकर्मा की मौत हो गई। हैरानी की बात यह है कि इनमें जांच हो गई है या हो रही है, लेकिन जवाबदेही अनिश्चित है।

## सरस्वती योजना की साइकिलें बांटी चावलानी ने

### भाजपा सरकार ने ही शुरु की थी यह योजना



**कोरबा।** गवर्नमेंट हाई स्कूल पोड़ीबहार में छात्राओं को सरकार की सरस्वती योजना के अंतर्गत साइकिल बांटी गई। साइकिल का वितरण पार्षद अशोक चावलानी ने किया।

इस अवसर पर अशोक चावलानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार ने ही बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीते दशकों में सरस्वती साइकिल योजना की शुरुआत की थी। हमारी सरकार ने इस बात को गंभीरता से महसूस किया कि दूरी के कारण बहुत सारी बेटियों की पढ़ाई छूट जाती है, क्योंकि उनके सामने दूसरे विकल्प नहीं होते हैं। इस योजना से अब तक प्रदेश में लाखों बालिकाओं को हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षा लेना आसान हुआ है। बालिका के शिक्षित होने से दो घर संवर जाते हैं। भाजपा कोरबा मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर ने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर मुकाम हासिल करने प्रोत्साहित किया। विधायक प्रतिनिधि शिव जायसवाल ने अभिभावकों से छात्रों के समुचित विकास के लिए उचित घरेलू वातावरण को जरूरी बताया। इस दौरान एसएमडीसी अध्यक्ष रामकुमार राठौर, पूर्व अध्यक्ष नारायण सिंह, संजय आदि उपस्थित रहे।



**तुलसी नगर में अखंड पाठ**

तुलसी नगर के सामुदायिक भवन में वरिष्ठ नागरिक संगठन के द्वारा सुंदरकांड के अखंडपाठ का आयोजन पिछली शाम प्रारंभ किया गया। दो दिन तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के नागरिकों सहित मानस गायन मंडलियों की भागीदारी हो रही है। समापन पर भंडारा भी होगा।

## जनजातीय गौरव दिवस पर याद आए पूर्वज

**कोरबा।** सोनाखान के वीर नारायण सिंह को उनके बलिदान दिवस पर आज याद किया गया। इसी बहाने जनजातीय समाज से आने वाले अनेक रणबांकुरों के बलिदान का स्मरण किया गया, जिन्होंने स्वाधीनता आंदोलन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। जिले में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक वर्ग को यह बताने का प्रयास किया गया कि अतीत में हमारे लोगों की शौर्य गाथाएं आज भी कितनी प्रासंगिक है।

## क्रिएटिव कार्नर का शुभारंभ

**कोरबा।** मेयर संजूदेवी राजपूत और आयुक्त आशुतोष पांडेय ने नगर सौंदर्यीकरण के अंतर्गत कोसाबाड़ी मुख्य मार्ग पर क्रिएटिव कार्नर का शुभारंभ किया। आर्टिस्ट ग्रुप के मनीषा अग्रवाल व सदस्य मौजूद रहे।

## फारेस्ट अमले के साथ भिड़े कोल्गा के ग्रामीण

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के अंतर्गत आने वाले कोल्गा गांव में फारेस्ट अमले के साथ स्थानीय ग्रामीण भिड़ गए। खबर है कि मौके पर कूप कटाई के काम में जो औजार वन अमला रखा हुआ था, उसे लोगों ने जबरिया छीन लिया।

ग्रामीणों की आशंका है कि इस इलाके में प्राचीन गुफा और आसपास के जंगल को छांटा जा रहा है। इसके पीछे उद्देश्य यह हो सकता है कि भविष्य में यहां से कोयला का दोहन किया जाए। पिछले वर्ष लोगों ने यहां कोयला सर्वेक्षण को रूकवाया था। वहीं वन विभाग का कहना है कि भारत सरकार से कूप नंबर-2 के लिए अनुमति प्राप्त हुई और इस आधार पर अनुपयोगी और मृतप्राय वृक्षों की कटाई कराई जा रही है। कुछ असामाजिक तत्व लोगों को भड़काकर सरकारी काम में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

# भारत को स्वावलंबी बनाने के लिए लगातार हो रहे जतन : दुबे


### ग्राम्य भारती कॉलेज हरदीबाजार में आयोजन



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के द्वारा तय आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी संकल्प अभियान का कार्यक्रम ग्राम्य भारती शासकीय महाविद्यालय हरदी बाजार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन से प्रारंभ हुआ।

इस अभियान के महाविद्यालय के जिला प्रभारी एवं भाजपा जिला मंत्री, अजय कुमार दुबे ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा भारत वर्ष प्राचीन समय में सभी क्षेत्रों में सर्व साधन संपन्न था और विश्व गुरु था। फिर मुगलों और तत्पश्चात् अंग्रेजों ने भारत की संपदा को लुटा । साथ ही लार्ड मैकाले ने भारत के शिक्षा क्षेत्र में प्राचीन गुरुकुल भारतीय शिक्षा पद्धति को चोट पहुंचाते हुये अपनी अंग्रेजी शिक्षा पद्धति थोप दी। सात दशक में स्वालंबन को लेकर जितना विचार होना था उसमें कमी रही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को स्वावलंबी की तरफ बढ़ाने कोशिश तेज की गई। हाल ही में आपरेशन सिंदूर में, भारत में बने स्वदेशी मिसाइलों एवं शास्त्रों ने दुश्मन देश सहित संपूर्ण विश्व को बता दिया कि भारत अब आत्मनिर्भर हो चुका है। भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है और बहुत जल्द तीसरे स्थान पर होने वाले हैं। जब हमारा भारत वर्ष 1947 में आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब हम विकसित राष्ट्र होंगे। इसके लिये हम सभी आत्मनिर्भर भारत में हमारा भी योगदान हो ,हम सभी देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करें, विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करें ऐसा आग्रह सभी से किया गया। इस अवसर पर सभी से स्वदेशी संकल्प पत्र भरवाकर स्वदेशी का संकल्प दिलवाया गया। कार्यक्रम में कृष्णा पटेल मंडल अध्यक्ष हरदी बाजार, अमरनाथ कौशिक ,महामंत्री भाजपा मंडल हरदीबाजार, अनिल पांडे प्रभारी प्राचार्य, कार्तिकेश्वर दुबे, प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम, शिव दुबे सहायक प्राध्यापक, हिंदी साहित्य एवं महाविद्यालय के छात्र -छात्राएं व स्टाफ उपस्थित रहे।



स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com